सुविचार



अपने से बेहतर लोगों के साथ समय बिताना अच्छा होता है। ऐसे सहयोगी बनाएं जिनका व्यवहार आपसे अच्छा हो और आप उस दिशा में बढ़ जाएंगे।
-वॉरेन बफे

# अमृत विचार

## बरेली महानगर

www.amritvichar.com

**बरेली के प्रमुख समाचार**
- नजर नहीं आया चांद, अलविदा आज, ईद कल-II
- 10 वर्षों में आवास आवंटन व कब्जाधारकों की रिपोर्ट तलब-III
- नवरात्र : देवी मंदिरों में उमड़ा आस्था का सैलाब -IV

बरेली, शुक्रवार, 20 मार्च 2026




**इफ्तार**
शुक्रवार शाम
सुन्नी : 6:27
शिया : 6:35

**सिटी ब्रीफ**

### विश्वविद्यालय में ऑनलाइन प्रवेश के लिए समन्वयक नियुक्त

**बरेली, अमृत विचार** : विश्वविद्यालय ने सत्र 2026-27 के लिए ऑनलाइन प्रवेश प्रक्रिया को सुचारू रूप से संपन्न कराने के लिए प्रो. एसके पांडेय को प्रवेश समन्वयक नियुक्त किया है। कुलसचिव कार्यालय से जारी आदेश के अनुसार यह नियुक्ति उन सभी पाठ्यक्रमों के लिए होगी, जिनमें प्रवेश परीक्षा के माध्यम से प्रवेश नहीं लिया जाता है। अनुप्रयुक्त रसायन शास्त्र विभाग के प्रो. एसके पांडेय संपूर्ण ऑनलाइन प्रवेश प्रक्रिया का समन्वय करेंगे।

**शहर में आज**
- सनातन संस्कृति चेतना ट्रस्ट द्वारा चतुर्थ सनातन नववर्ष महोत्सव मेला का उद्घाटन बरेली क्लब मैदान में शाम 7 बजे।
- राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के 100 वर्ष होने पर उत्कर्ष ललित कला अकादमी उत्तर प्रदेश की ओर से इन्वर्टिस विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय कला शिविर सुबह 11 बजे से।
- श्री हरे राम नव दुर्गा मंदिर में चैत्रीय नवरात्र समारोह पर श्री रामचरित मानस का संगीतमय नवान्ह पाठ अवधपुरी कॉलोनी सुभाष नगर में शाम 6 बजे।
- श्री झूलेलाल जी की जयंती चेट्री चंड पर शोभायात्रा सिन्धु नगर से दोपहर 2 बजे।
- अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के द्वारा यूपीएससी परीक्षा उत्तीर्ण करने पर उत्कर्ष मिश्रा का सम्मान कार्यक्रम कार्यालय बिहारीपुर खत्रियान में शाम 5 बजे।

**दिखा भक्ति और श्रद्धा का संगम**



नवरात्र पर कालीबाड़ी स्थित मां काली मंदिर में आरती करते भक्तजन। इस दौरान भक्ति और श्रद्धा का संगम देखने को मिला। (खबर पेज IV पर)

# बदला मौसम, दोपहर में बूंदाबांदी

कार्यालय संवाददाता, बरेली



गुरुवार को दोपहर में हल्की बूंदाबांदी के साथ छाए रहे बादल। ● अमृत विचार

**अमृत विचार** : शहर में गुरुवार को मौसम का मिजाज दिनभर बदलता रहा। सुबह के समय आसमान पहले साफ नजर आया, लेकिन कुछ ही देर में घने बादल छा गए और हल्की हवाएं चलने लगीं, जिससे वातावरण में ठंडक महसूस की गई। मौसम के इस उतार-चढ़ाव ने लोगों को दिनभर धूप और बादलों के बीच बदलते हालात का अनुभव कराया।

पूर्वाह्न में कुछ समय के लिए धूप निकली, लेकिन दोपहर होते-होते एक बार फिर बादलों का असर बढ़ गया। इसी दौरान हल्की बूंदाबांदी भी हुई, जिससे मौसम सुहावना हो गया और गर्मी से आंशिक राहत मिली। हालांकि बारिश अधिक देर तक नहीं चली और इसके बाद आसमान फिर साफ हो गया। मौसम विभाग के वरिष्ठ वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह के अनुसार, पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव के चलते मौसम में यह बदलाव देखने को मिल रहा है। उन्होंने संकेत दिए कि आने वाले दिनों में भी इसी तरह का उतार-चढ़ाव जारी रह सकता है। दिनभर बदलते मौसम के कारण लोगों को कभी धूप तो कभी बादलों का सामना करना पड़ा। वहीं बूंदाबांदी से वातावरण में ताजगी बनी रही। गुरुवार को जिले का अधिकतम तापमान 29.4 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 19.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य के करीब रहा।

# प्रदेश में रोल मॉडल बना बीडीए का वित्तीय मॉडल

## अवैध निर्माणों पर कठोर वार और नई आवासीय योजनाओं के जरिये की रिकॉर्ड कमाई, बुनियादी सुविधाओं पर दिया ध्यान

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- **शासन ने उत्साहवर्धन करते हुए अन्य प्राधिकरणों को बीडीए से सीख लेने की दी सलाह**

> बीडीए मॉडल को प्रदेश भर में लागू करने का निर्णय हमारे पारदर्शी कार्य और टीम वर्क का परिणाम है। हमने अवैध निर्माणों पर सख्ती और रामगंगा नगर जैसी समयबद्ध परियोजनाओं से तीन हजार करोड़ का रिकॉर्ड राजस्व जुटाया है। अब हमारी प्राथमिकता इस आय का उपयोग नाथ नगरी की सांस्कृतिक पहचान संवारने और विश्वस्तरीय बुनियादी ढांचा विकसित करने में करना है।
> -डा. मनिकंडन ए. बीडीए वीसी

**अमृत विचार** : बरेली विकास प्राधिकरण (बीडीए) ने अपनी कार्यप्रणाली से प्रदेश भर में नई मिसाल पेश की है। शहर के पीलीभीत बाईपास और बीसलपुर रोड के मध्य रामगंगा नगर और ग्रेटर बरेली जैसी अत्याधुनिक कॉलोनियों को विकसित कर प्राधिकरण ने तीन हजार करोड़ रुपये से अधिक का रिकॉर्ड राजस्व अर्जित किया है। बीडीए की सफलता को देखते हुए शासन ने अब प्रदेश के अन्य विकास प्राधिकरणों को भी बीडीए मॉडल का अध्ययन करने और उसे लागू कर अपनी आर्थिकी बढ़ाने के निर्देश दिए हैं।

बीडीए ने राजस्व अर्जन के साथ-साथ शहर के सौंदर्यीकरण और बुनियादी सुविधाओं पर भी विशेष ध्यान केंद्रित किया है। पुराने समय में जहां अवैध निर्माणों पर कार्रवाई केवल कागजों तक सीमित रहती थी, वहीं अब कठोर रुख अपनाते हुए ध्वस्तीकरण कार्रवाई करने और शमन शुल्क के माध्यम से प्राप्त आय का उपयोग शहर के सभी प्रमुख प्रवेश मार्गों को फोरलेन और सिक्स-लेन में बदलने के लिए कर रहा है। इन मार्गों पर भव्य प्रवेश द्वार तैयार किए जा रहे हैं। नाथ नगरी के रूप में विख्यात बरेली के इन प्रवेश द्वारों को भगवान शिव और शहर के सात प्राचीन शिव मंदिरों के नाम पर पहचान दी जा रही है, जिससे विकास के साथ-साथ आध्यात्मिक विरासत का अनूठा संगम देखने को मिल रहा है।

शासन की ओर से जारी दिशा-निर्देशों में विशेष रूप से बीडीए की ओर से बीते तीन वर्षों में उठाए गए कदमों का उल्लेख किया गया है। अन्य प्राधिकरणों को निर्देश दिए हैं कि वह बीडीए की तर्ज पर नए आवासीय और व्यावसायिक प्रोजेक्ट्स लॉन्च करें और अवैध निर्माणों पर सख्ती बरतते हुए वित्तीय संसाधनों को सुदृढ़ करें। इसके अतिरिक्त, शासन ने कुछ नए नवाचारों को जोड़ने का भी सुझाव दिया है, ताकि शहरी निकायों की आय के स्रोतों में विविधता लाई जा सके। शासन के इस आदेश के बाद बीडीए के अफसरों में उत्साह है। बीडीए के अधिकारियों का मानना है कि इस मॉडल की सफलता का मुख्य कारण पारदर्शी प्रक्रिया और समयबद्ध विकास रहा है।

### मुख्यमंत्री योगी के दौरे को लेकर एक्शन मोड में बीडीए



**बरेली, अमृत विचार** : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के प्रस्तावित दौरे को लेकर बरेली विकास प्राधिकरण (बीडीए) ने अपनी विकास परियोजनाओं को अमलीजामा पहनाने की की रफ्तार तेज कर दी है, ताकि मुख्यमंत्री के समक्ष विकास का एक भव्य और सुव्यवस्थित खाका पेश किया जा सके। बीडीए उपाध्यक्ष डॉ. मनिकन्डन ए. की अध्यक्षता में हुई गुरुवार को समीक्षा बैठक में अधिकारियों और कार्यदायी संस्थाओं के संचालकों के साथ अधूरी परियोजनाओं और उनकी वर्तमान स्थिति पर बिंदुवार चर्चा की गई। इस दौरान कार्यदायी एजेंसियों को दो-टूक हिदायत दी गई कि निर्माण की गति बढ़ाने के चक्कर में गुणवत्ता से कोई समझौता बर्दाश्त नहीं होगा। मुख्य अभियंता एपीएन सिंह ने बताया कि परियोजनाओं की नियमित मॉनिटरिंग के लिए विशेष रणनीति तैयार की गई है, जिसके तहत देरी से चल रहे कार्यों को ''क्रिटिकल'' श्रेणी में रखकर प्राथमिकता के आधार पर पूरा कराया जाएगा। बीडीए के आला अधिकारियों का पूरा जोर इस बात पर है कि मुख्यमंत्री के निरीक्षण के दौरान शहर का बुनियादी ढांचा और सौंदर्यीकरण पूरी चमक के साथ दिखाई दे। बीडीए उपाध्यक्ष ने कहा कि रामायण वाटिका जैसी सांस्कृतिक महत्व की परियोजनाओं को अंतिम रूप दिया जा रहा है, ताकि मुख्यमंत्री के हाथों इनका लोकार्पण प्रभावी ढंग से हो सके।

### तीन साल में बदली तस्वीर

पांच साल पूर्व तक बरेली विकास प्राधिकरण (बीडीए) ठप पड़ी आवासीय योजनाओं और वित्तीय संकट के कारण सफेद हाथी माना जाने लगा था। रामगंगा नगर जैसी महत्वाकांक्षी योजनाएं सालों तक फाइलों में दबी रहीं और जमीनों पर कब्जे होते रहे। बीते तीन वर्षों में बीडीए ने इस सुस्ती को पीछे छोड़कर तीन हजार करोड़ से अधिक का राजस्व जुटाकर सबको चौंका दिया है। प्राधिकरण ने न केवल रामगंगा नगर के विवाद सुलझाकर उसे प्रदेश की मॉडल कॉलोनी बनाया, बल्कि ग्रेटर बरेली जैसी नई परियोजना से शहर का दायरा बढ़ाया।

# नगर निगम : 15 वें वित्त आयोग की समीक्षा बैठक आज

**बरेली, अमृत विचार** : मेयर उमेश गौतम ने वित्तीय वर्ष की समाप्ति से ठीक पहले शुक्रवार को 15 वें वित्त आयोग की समीक्षा बैठक बुलाई है। बैठक का उद्देश्य चालू वित्तीय वर्ष के बचे हुए बजट का पूर्ण उपयोग सुनिश्चित करना और उन विकास परियोजनाओं को हरी झंडी देना है, जो तकनीकी या प्रशासनिक कारणों से लंबित थीं। आगामी वित्तीय वर्ष के कार्यों पर भी चर्चा की जाएगी। मेयर के स्पष्ट निर्देश हैं कि विकास के लिए आवंटित पैसे का सदुपयोग समय सीमा के भीतर होना चाहिए, ताकि बजट लैप्स न हो।

बैठक में सड़कों के निर्माण, नई प्रकाश व्यवस्था (एलईडी लाइट्स) और आधुनिक स्वच्छता उपकरणों की खरीद जैसे प्रस्तावों पर चर्चा होगी। अधिकारियों को निर्देश हैं कि 31 मार्च से पहले सभी स्वीकृत कार्यों के टेंडर और कार्यादेश जारी कर दिए जाएं, ताकि नए वित्तीय वर्ष के आगमन तक शहर का कायाकल्प धरातल पर दिखने लगे। मेयर का कहना है कि यह बैठक आगामी वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए भी खाका तैयार करने का काम करेगी।

# निगेटिव बैलेंस में गुल हुई बिजली तो शुरू कर दी चोरी

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- **स्मार्ट मीटर में निगेटिव बैलेंस होने पर काट दी गई है हजारों उपभोक्ताओं की बिजली**

**अमृत विचार** : स्मार्ट मीटर में निगेटिव बैलेंस होने पर शहरी क्षेत्र में हजारों उपभोक्ताओं की बिजली काट दी गई है। ऐसे में उपभोक्ता बिजली शुरू कराने के लिए भटक रहे हैं। मुख्यालय का मानना है कि निगेटिव बैलेंस में जिन उपभोक्ताओं की बिजली काटी गई है वह इस समय चोरी की बिजली का इस्तेमाल कर रहे होंगे। ऐसे लोगों के खिलाफ कार्रवाई को गुरुवार को अलग-अलग टीमें बनाकर क्रास चेकिंग कराई गई। चेकिंग में 15 ऐसे घर मिले, जिनकी बिजली निगेटिव बैलेंस में काट दी गई थी, लेकिन वह इस्तेमाल कर रहे थे। इन सभी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गई है।

शहरी क्षेत्र में स्मार्ट प्रीपेड मीटर में अचानक से उपभोक्ताओं को बिल निगेटिव में आ गया है। इससे उपभोक्ताओं की बिजली गुल हो गई है। बिजली गुल होने से उपभोक्ताओं को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बिजली आपूर्ति शुरु कराने के लिए रामपुर गार्डन स्थित बिजली विभाग के कार्यालय में दिनभर उपभोक्ताओं की भीड़ लग रही है। मध्यांचल मुख्यालय की तरफ से मुख्य अभियंता को आदेश जारी करते हुए कहा गया है कि बड़ी संख्या मे निगेटिव बैलेंस होने पर उपभोक्ताओं की बिजली काटी गई है। ऐसे में चोरी की आशंका बढ़ गई है। ऐसे में क्रास चेकिंग के लिए टीमें बनाकर अभियान चलाने को कहा।

इसके बाद विभागीय एवं विजिलेंस टीम ने गुरुवार को मॉर्निंग रेड की। इसमें 15 मकान में ऐसे कनेक्शन पाए गए जिनके द्वारा न तो रिचार्ज कराया गया और न ही नेगेटिव बैलेंस का बकाया जमा किया गया और अवैध रूप से बिजली का इस्तेमाल कर रहे थे। बरेली जोन प्रथम के मुख्य अभियंता ज्ञान प्रकाश ने बताया कि ऐसे उपभोक्ताओं के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराकर केबल को जब्त कर लिया गया है। उन्होंने उपभोक्ताओं से अपील की है कि वह अपना रिचार्ज समय पर करते रहें और नेगेटिव बैलेंस होने की समस्या से बचें।

### चोरी की बिजली से रोशन हो रहा था धरना स्थल, रिपोर्ट

**बरेली, अमृत विचार** : किसान सत्याग्रह समिति के धरना-प्रदर्शन में चोरी की बिजली का इस्तेमाल किया जा रहा था। सूचना पर बिजली विभाग की टीम ने मौके पर जाकर चेकिंग की और वहां चोरी की बिजली का इस्तेमाल होता मिला। इसके बाद टीम की तरफ से धरना-प्रदर्शन के आयोजकों पर मुकदमा दर्ज कराया गया है। बरेली जोन प्रथम के मुख्य अभियंता ज्ञान प्रकाश ने बताया कि विद्युत नगरीय वितरण मंडल की एचआर एवं विजिलेंस टीम ने गोपनीय सूचना के आधार पर चौकी चौराहा महिला थाने के सामने गांधी पार्क में टेंट लगाकर बरेली किसान सत्याग्रह समिति के तरफ से किसानों के समर्थन में की जा रहे आंदोलन पर जाकर देखा तो स्ट्रीट लाइट पोल से अतिरिक्त केवल जोड़कर अवैध रूप से बिजली चोरी की जा रही थी। इसके बाद टीम की तरफ से बिजली चोरी करने की रिपोर्ट दर्ज कराकर जुर्माने की कार्रवाई की जा रही है।

# लैब टेस्टिंग में 11 फर्मों के सैंपल फेल, ब्लैकलिस्ट होने की लटकी तलवार

कार्यालय संवाददाता, बरेली



निर्माण सामग्री देखते नगर आयुक्त संजीव कुमार मौर्य। (फाइल फोटो)

- **नगर आयुक्त संजीव कुमार मौर्य ने परखी थी 17 फर्मों के निर्माण कार्य की गुणवत्ता**
- **30-30 लाख के प्रोजेक्ट्स में धांधली पर भारी जुर्माना लगाने की तैयारी**

> विकास कार्यों में मानक विहीन सामग्री का उपयोग किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। लैब टेस्टिंग में जिन 11 फर्मों के नमूने फेल हुए हैं, उन पर भारी जुर्माना लगाने और ब्लैकलिस्ट करने की प्रक्रिया शुरू होगी। घटिया सड़कों को उखाड़कर दोबारा बनवाया जाएगा। जनता के पैसे की बंदरबांट करने वाले ठेकेदारों और इसमें संलिप्त संबंधित अधिकारियों पर भी कड़ी कार्रवाई तय है।
> -संजीव कुमार मौर्य, नगर आयुक्त

**अमृत विचार** : स्मार्ट सिटी में विकास के नाम पर बिछाई जा रही सड़कों और नालियों के नीचे दबे भ्रष्टाचार की परतें उखड़ने लगी हैं। नगर आयुक्त संजीव कुमार मौर्य की ओर से निर्माण कार्यों की गुणवत्ता को लेकर कराई गई जांच में इसका खुलासा हुआ है। 17 प्रमुख फर्मों के कार्यों की लैब टेस्टिंग कराई गई थी, इनमें 11 फर्मों का काम निर्धारित मानकों की कसौटी पर खरा नहीं उतरा। इसपर नगर आयुक्त ने कड़ा रुख अपनाते हुए न केवल भारी जुर्माना लगाने, बल्कि ऐसी फर्मों को ब्लैकलिस्ट करने की प्रक्रिया शुरू करने के निर्देश दिए हैं। इससे ठेकेदारों में खलबली मची हुई है।

दरअसल, पिछले दिनों शहर में हो रहे विकास कार्यों की हकीकत जानने के लिए नगर आयुक्त खुद फील्ड में उतरे थे। जांच के दौरान कई स्थानों पर सड़क और नालियों का निर्माण इतना घटिया पाया गया कि हाथ लगाते ही पोल खुलकर सामने आ गई। मुख्य अभियंता मनीष अवस्थी और इंजीनियरों की टीम के सामने नगर आयुक्त ने तत्काल प्रभाव से मानक विहीन सड़कों और नालियों को दोबारा खोदने के निर्देश दिए थे। बताया गया कि पहले चरण में 30-30 लाख रुपये की लागत वाले उन कार्यों को निशाने पर लिया गया, जो नगर निगम निधि, 15 वें वित्त आयोग और एनकैप परियोजना के तहत कराए गए थे। जांच में मैसर्स गिरीश पाराशरी, कुंवर कंसट्रक्शन, एसपीएस कंसट्रक्शन, सूरी डेवलपर्स, कुमार एंड कंपनी, एपी कंसट्रक्शन, अंजनी बिल्डर्स, एमबी कंस्ट्रक्शन और एसपी कंस्ट्रक्शन जैसी फर्मों के कार्य अधोमानक पाए गए। यानी निर्माण में सीमेंट और कंक्रीट की जगह केवल खानापूर्ति की गई। इन फर्मों पर अब न केवल जुर्माने की तलवार लटक रही है, बल्कि भविष्य में इनके ब्लैकलिस्ट होने का खतरा भी मंडरा रहा है।

### दूसरे चरण में कई नामी फर्में निशाने पर

नगर आयुक्त की इस कार्रवाई ने ठेकेदारों के उस सिंडिकेट को हिला दिया है, जो अब तक रसूख के दम पर घटिया निर्माण को फाइलों में ''ओके'' कराते आए थे। दूसरे चरण में उन दिग्गज फर्मों के कार्यों की लैब टेस्टिंग होगी, जो खुद को जांच की आंच से ऊपर मानती रही हैं। यदि निर्माण कार्य मानकों के अनुसार नहीं मिला तो कार्रवाई तय है।

**फैसला** | **कैंट बोर्ड एसटीपी निर्माण पर 100 करोड़ और ओपेन थियेटर बनाने में खर्च करेगा 10 करोड़**

# धोपेश्वरनाथ मंदिर में संस्कृति कर्मियों को मिलेगा मंच

दिग्विजय मिश्रा, बरेली



- **एसटीपी बनने से स्थानीय लोगों को जलभराव से मिलेगी निजात**

**अमृत विचार** : छावनी परिषद क्षेत्र में बुनियादी ढांचे को मजबूत करने और पर्यटन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 110 करोड़ रुपये की बड़ी विकास योजना को हरी झंडी दी गई है। इस योजना के तहत जहां 100 करोड़ रुपये की लागत से अत्याधुनिक सीवर ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) का निर्माण कराया जाएगा। वहीं 10 करोड़ रुपये से धोपेश्वर नाथ महादेव मंदिर परिसर में ओपन थिएटर तैयार किया जाएगा। इससे संस्कृति कर्मियों को मंच मिलेगा और टूरिज्म को भी बढ़ावा मिलेगा। यह फैसला कैंटोमेंट बोर्ड की बैठक में लिया गया।

कैंटोनमेंट बोर्ड की बैठक बुधवार को परिसर में संपन्न हुई। जहां कैंट क्षेत्र में लंबे समय से सीवरेज और जल निकासी की समस्या बनी होने की बात सामने आई। अधिकारियों और नामित सदस्यों ने बताया कि बारिश के दौरान हालात और भी खराब हो जाते हैं। स्थानीय निवासियों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। ऐसे में प्रस्तावित एसटीपी प्लांट इस समस्या के स्थायी समाधान की दिशा में एक बड़ा कदम माना जा रहा है। प्लांट के निर्माण से गंदे पानी का वैज्ञानिक तरीके से उपचार किया जाएगा और पर्यावरण संरक्षण को भी मजबूती मिलेगी। इसी बैठक में दो बाजारों के नाम भी बदले गए थे। इसमें रॉयल आर्टिलरी का नाम बदलकर विरासत परिसर और बीआई बाजार का नाम बदलकर शौर्य बाजार कर दिया गया था। इतना ही नहीं छावनी परिसर के अंदर बने श्मशान स्थल का नाम पंचतत्व मोक्ष धाम कर दिया गया है।

### बोर्ड में प्रस्ताव पास के बाद परियोजनाओं के धरातल पर आने का लोगों को इंतजार

स्थानीय लोगों का कहना है कि इतनी बड़ी परियोजना के सफल क्रियान्वयन के लिए समयबद्ध योजना, पारदर्शिता और गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देना होगा। अक्सर देखा गया है कि बड़ी घोषणाएं तो हो जाती हैं, लेकिन जमीनी स्तर पर काम की गति धीमी पड़ जाती है। ऐसे में स्थानीय लोगों की निगाहें अब इस बात पर टिकी हैं कि यह योजना कितनी तेजी और ईमानदारी से धरातल पर उतरती है। निर्धारित समय में इन परियोजनाओं को पूरा कर लिया जाता है तो कैंट क्षेत्र न केवल साफ-सुथरे और व्यवस्थित शहर के रूप में उभरेगा, बल्कि पर्यटन के नक्शे पर भी अपनी अलग पहचान बना सकेगा।

> कैंट क्षेत्र के विकास के लिए 110 करोड़ रुपये की योजना तैयार की गई है। इसमें 100 करोड़ रुपये से सीवर ट्रीटमेंट प्लांट बनाया जाएगा। वहीं, 10 करोड़ रुपये से धोपेश्वर नाथ महादेव मंदिर में ओपन थिएटर का निर्माण कराया जाएगा, जिससे धार्मिक पर्यटन और सांस्कृतिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा। -डॉ. तनु जैन, मुख्य अधिशासी अधिकारी

### ओपन थिएटर धार्मिक पर्यटन को देगा नई पहचान

धोपेश्वर नाथ महादेव मंदिर में बनने वाले ओपन थिएटर पर 10 करोड़ रुपये खर्च होने का अनुमान है। यह स्थान पहले से ही श्रद्धालुओं के लिए आस्था का केंद्र माना जाता है और अब यहां सांस्कृतिक कार्यक्रमों, धार्मिक आयोजनों और स्थानीय कला प्रदर्शन के लिए आधुनिक मंच भी उपलब्ध होगा। इससे न केवल पर्यटकों की संख्या बढ़ेगी, बल्कि स्थानीय कलाकारों को भी अपनी प्रतिभा दिखाने को मंच मिलेगा।

# महिला परिचालकों की भर्ती के लिए 28 को रोजगार मेला

**बरेली, अमृत विचार** : रोडवेज में संविदा पर महिला परिचालकों की भर्ती की जाएगी। प्रधान प्रबंधक (कार्मिक) अंकुर विकास ने इस संबंध में आदेश जारी किया है। उत्तर प्रदेश राष्ट्रीय आजीविका एवं कौशल विकास मिशन के तहत होने वाली इस भर्ती के लिए 28 मार्च को रोजगार मेला क्षेत्रीय कार्यशाला में लगेगा। महिला अभ्यर्थी का इंटरमीडिएट पास होना और एनसीसी प्रमाण पत्र होना जरूरी है।

भर्ती के लिए आयु सीमा 18 से 35 वर्ष है। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, उत्तर प्रदेश कौशल विकास निगम में पंजीकृत, एनसीसी, एनएसएस और स्काउट-गाइड प्रमाण पत्र धारक आवेदकों को मेरिट के आधार पर प्राथमिकता दी जाएगी।

अम्बा हैल्थ क्लीनिक



ISO:9001:2008 एवं Trademark Certified Clinic
डॉ.आर.एस.सिंह
B.A.M.S.
(आयुर्वेदाचार्य)
स्त्री-पुरुष रोग विशेषज्ञ
30 वर्षों से चिकित्सा का अनुभव प्राप्त
ISO.9001:2015 Certify Tredmark Clinic
★पतले-दुबले
★गाल पिचके
★कमजोर स्त्री-पुरुष
★मोटापा व वजन बढ़ाने के लिए
परामर्श लें।
चिकित्सा जानकारी
भूख न लगना, अपच, कब्ज, गैस बनना, खाने के बाद शौचालय जाना, बच्चों का शारीरिक विकास न होना, पुलिस व फोर्स आदि नौकरी में नाप तौल में कमी होना, बच्चों का बिस्तर गीला करना, मोटे पेट व थुल-थुले व्यक्ति का वजन कम करना, कील-मुंहासे, झाइयां, सफेद दागों व सावलापन हटाना, सुन्दर दिखाना, बालों का समय से पहले झड़ना, टूटना, सफेद होना एवं गंजापन होना, खूनी व वादी बवासीर आदि सभी बिमारियों का परामर्श लें।
किसी भी प्रकार का नशा जैसे
शराब, अफीम, गुटखा, सुल्फा, गांजा बीड़ी, सिगरेट आदि नसा छुड़ाने की रोगी को बिना लाये बिना बताये जानकारी प्राप्त करें।
स्त्री-पुरुष गुप्त समस्याएं
- स्वपन दोष, शीघ्रपतन, मर्दाना कमजोरी होना
- हस्तमैथुन, धात जाने से कमी होना
- इन्द्री का ढीलापन-छोटापन व पतलापन होना
- वीर्य में शुक्राणु का कम होना
- ल्यूकोरिया, बांझपन, बच्चेदानी में रसोली होना
- यौन अंगो का ढीलापन या इच्छा कम होना
- मासिक धर्म अनियमित होना या उम्र से पहले बन्द होना

वैवाहिक जीवन को सफल बनायें अविकसित सीना को सुडौल आकर्षक बनायें
Sexually Transmitted Bacterial Disease
सुजाक, गिनोरिया, एड्स, यौन अंगो पर खुजली या छाले पड़ने पर तुरन्त डाक्टर से सम्पर्क करें
गलत फिल्में देखने व फोन पर बातें करने से या पेशाब में चिपचिपा पदार्थ निकलने पर तुरन्त सम्पर्क करें
डॉ. साहब आपके विश्वास पर सभी बिमारियों को ठीक करने की कोशिश कर सकते हैं दावा या गारंटी नहीं दे सकते
मिलें सुबह 11 से सायं 5 बजे तक
दिनांक :-
22 मार्च 2026, रविवार
5 अप्रैल 2026, रविवार
निकट बरेली कॉलेज, होटल मोती महल काली बाड़ी चौराहा, बरेली
9837069463
7599211076



ईद को लेकर सैलानी रोड पर गुरुवार को देर रात बाजार में दिखी ग्राहकों की भीड़। ● अमृत विचार



दुकान पर जूते-चप्पल की खरीदारी करते ग्राहक। ● अमृत विचार

# नजर नहीं आया चांद, अलविदा आज, ईद कल

## शहर में कई जगहों पर ईद का चांद देखने की कोशिश की गई, पांचवां जुमा होने से होगी दूसरी अलविदा की नमाज

- गुरुवार को सऊदी अरब में चांद आया नजर

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचारः** शहर में गुरुवार को ईद का चांद देखने की कोशिश की गई। लेकिन ईद का चांद नजर नहीं आया और न ही कहीं से चांद देखे जाने की शहादत हुई। ऐसे में शुक्रवार को अलविदा की दूसरी नमाज अदा होगी, जबकि ईद उल फितर शनिवार को मनाई जाएगी। गुरुवार को सऊदी अरब में चांद नजर आ गया है, ऐसे में वहां शुक्रवार को ईद मनाई जाएगी।

दरगाह आला हजरत की ओर से गुरुवार को ईद का चांद देखने की अपील की गई थी। जिसको लेकर हेल्पलाइन नंबर भी जारी किए गए थे। गुरुवार को मगरिब की नमाज के बाद दरगाह आला हजरत, खानकाह ए नियाजिया, समेत अन्य दरगाह और मस्जिदों से ईद का चांद देखने की कोशिश की गई। लेकिन ईद का चांद नजर नहीं आया। जिससे तय हो गया कि शुक्रवार को 30 वां रोजा रखा जाएगा। जबकि दूसरी अलविदा की नमाज अदा की जाएगी। वहीं, शुक्रवार को 30 रोजे पूरे होने के बाद चांद नजर आने पर शनिवार को ईद मनाई जाएगी। गुरुवार को सऊदी अरब में 30 रोजे के बाद ईद का चांद नजर आ गया। ऐसे में वहां शुक्रवार ईद मनाई जाएगी। जिले में भी शनिवार को ईद की नमाज को लेकर सभी मस्जिद और ईदगाह में तैयारी पूरी कर ली गई।



ईद को लेकर खजला और फेनी खरीदती महिला। ● अमृत विचार

### कुर्ता-टोपी और कन्नौज इत्र की बढ़ी मांग

ईद को देखते हुए बाजारों में अफगानी कुर्ता व तुर्की की टोपी की मांग खूब बढ़ गई है। टोपी दो सौ से पांच सौ रुपये में बिक रही है। कुर्ता पांच सौ से पांच हजार तक में बिक रहा है। कन्नौज के इत्र की भी खूब मांग है। कन्नौज का इत्र 50 से लेकर पांच सौ रुपये में मिल रहा है।

### ईद के बाजार में उमड़ी ग्राहकों की भारी भीड़ देर रात खुली रहीं दुकानें, होती रही खरीदारी

- कपड़े, जूते चप्पल, सेवई व अन्य सामान की हुई खूब खरीदारी

**बरेली, अमृत विचार :** ईद के बाजार में ग्राहकों की भीड़ उमड़ रही है। गुरुवार को देर रात तक दुकानों पर खरीदारी होती रही। कोतवाली से कुतुबखाना बाजार तक मेले जैसा नजारा दिखा। रमजान के माह में रोजे रखकर इबादत करने के बाद खुशियों का त्योहार ईद शनिवार को मनाई जाएगी इसके चलते बाजार में रौनक बढ़ गई है।मिठाई, सेवई, फेनी, खजला, कपड़ा और जूतों की जमकर खरीदारी हो रही है। गुरुवार को मिशन मार्केट, इंद्रा मार्केट, कुतुबखाना, बड़ा बाजार, सिविल लाइंस, सैलानी समेत शहर के मॉल और अन्य जगह पर खरीदारी करने वालों की भीड़ लगी रही। शाम को रोजा इफ्तार होने के बाद बाजार में और भीड़ बढ़ गई।

### सैलानी और आजमनगर देर रात तक गुलजार

रमजान की रौनक मुस्लिम बाहुल्य इलाकों में देर रात तक देखी जा रही है। आजमनगर और सैलानी में रोजा इफ्तार के बाद से सुबह सहरी तक खानपान के शौकीनों को जमावड़ा लगा रहता है। पुराना शहर, कांकरटोला, कुतुबखाना, आजमनगर, सराय खाम, किला क्षेत्र के बाजारों में रात का नजारा भी बदला हुआ है। सैलानी पर कवाब, बिरयानी हलीम, लजीज शाही पकवानों के अलावा चाय बंद का स्वाद लोग लेते हैं।

## शराब के लिए रुपये नहीं देने पर युवक को पीटा

**बरेली, अमृत विचारः** शराब के लिए दबंग को रुपये नहीं देना एक युवक को महंगा पड़ा गया। दबंग ने मारपीच करके उसे घायल कर दिया। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

बिथरी चैनपुर थाना क्षेत्र के रजऊ परसपुर निवासी गौतम ने बताया कि 17 मार्च को वह हल्द्वानी इंडियन गैस एजेंसी से गैस लेकर घर लौट रहे थे। रास्ते में गांव के ही विजय ने उसे रोक लिया और शराब पीने के लिए पैसे मांगने लगा। उसने पैसे देने से मना किया तो आरोपी ने गाली-गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर आरोपी ने उनके साथ मारपीट कर दी, जिससे उन्हें गंभीर चोटें आईं।

## मोबाइल गिरने के बाद खाते से कट गए पैसे, रिपोर्ट दर्ज

**बरेली, अमृत विचार :** मोबाइल गुम होने के बाद युवक के खाते से पैसे कटने शुरू हो गए। बैंक की पासबुक चेक कराने पर उसे ठगी की जानकारी हुई। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

बिथरी चैनपुर थाना क्षेत्र के नवदिया झादा निवासी नंदराम ने बताया कि 4 जून 2025 को उसका मोबाइल खो गया था। 7 जून 2025 को उसे मोबाइल खोने की गुमशुदगी दर्ज कराई थी। इसके बाद उसके खाते एक बार में 500 रुपये दूसरी बार में 20-20 हजार रुपये तीन बार में कट गए। अगली बार में उसके खाते से 15 हजार रुपये कट गए। बैंक में पासबुक चेक कराने पर उसे खाते से रुपये निकलने की जानकारी हुई। पुलिस ने अज्ञात में रिपोर्ट दर्ज की है।

# जमीन की खातिर पिता की हत्या में उम्रकैद, 1 लाख रुपये जुर्माना



- अपर सत्र न्यायाधीश तबरेज अहमद की कोर्ट ने सुनायी सजा
- जुर्माने की राशि मुल्जिम की मां को बतौर मुआवजा मिलेगी

विधि संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** जमीन न देने से नाराज होकर एक वर्ष पूर्व पिता की हंसिया मारकर हत्या करने के मामले में थाना नवाबगंज के ग्राम इनायतपुर निवासी छत्रपाल मौर्य को परीक्षण में दोषी पाते हुए अपर सत्र न्यायाधीश तबरेज अहमद ने सश्रम आजीवन कारावास और 1 लाख रुपये जुर्माने की सजा सुनायी। जुर्माना मुल्जिम की मां को बतौर मुआवजा मिलेगा।

सरकारी वकील दिगम्बर पटेल व मनोज वाजपेई ने बताया कि वादी मुकदमा ताराचन्द्र ने थाना नवाबगंज में तहरीर देकर बताया था कि वह गांव इनायतपुर का रहने वाला है। 11 अप्रैल 2025 की शाम 6 बजे उसका बड़ा भाई छत्रपाल खेत से शराब पीकर घर आया, जिससे उसके पिता लालाराम व भाई छत्रपाल में विवाद हो गया।

नशे की हालत में छत्रपाल ने अपने हाथ में लिया हंसिया चला दिया जिससे उसके पिता लालाराम (65) की गर्दन के बाई तरफ चोट आई और इलाज के लिए ले जाते वक्त पिता की मृत्यु हो गयी। मामले में अभियोजन ने 7 गवाह पेश किये।

### मुल्जिम की मां रामदेई बोली- बचाने आए पति को उसके सामने ही मार दिया

दोषी छत्रपाल की मां रामदेई ने अदालत में गवाही में बताया कि घटना बीते वर्ष चैत्र मास में होली के बाद की है, शाम पांच-छह बजे की बात है, वह आंगन में बैठकर बंदगोभी की सब्जी काट रही थी, तभी छत्रपाल आ गया। उसके हाथ में हंसिया मारा। वह चीखी चिल्लाई और पति को बचाने के लिए आवाज लगायी। पति ने उसे तो बचा लिया, लेकिन छत्रपाल ने वही हंसिया उसके सामने पति की गर्दन पर मार दिया, जिससे वह घायल होकर वहीं गिर पड़े। उससे बोले बरखेड़ा वाली अब हम नहीं बचेंगे। मुल्जिम छत्रपाल के छोटे भाई की बहू महेश्वरी ने अपने बयान में बताया कि उसके पति चार भाई हैं। ससुर के नाम दस बीघा जमीन थी। वह उस पर स्वयं खेती करते थे। उसके जेठ छत्रपाल अपने हिस्से की जमीन को लेकर अक्सर ससुर से विवाद करते थे। 11 अप्रैल 2025 को उसके जेठ बाहर से आये और उसकी सास से कहने लगे जमीन उसके नाम नहीं करायी, इसलिए उसकी बीबी उसे छोड़कर चली जाती है। सास ने कहा कि सब कमाकर खाते है, तुम भी स्वयं कमाकर खाओ। तभी छत्रपाल ने उसकी सास से हंसिया छीनकर हाथ में मार दिया। फुंकनी उठायी और सास के सिर में मार दी। तभी ससुर आ गये बीच-बचाव करने की कोशिश की तो छत्रपाल ने हंसिया उसके ससुर की गर्दन में मार दिया जिससे ससुर वहीं गिर पड़े।

# खनन विभाग की टीम पर हमला, एक कर्मी घायल

- अवैध खनन करते ट्रैक्टर ट्रॉली पकड़ने पर टीम पर किया पथराव
- पकड़े गए ट्रैक्टर चालक ने बताया, कृपाल कराता है अवैध खनन
- बभिया में अवैध खनन पकड़ने गई थी टीम, रिपोर्ट दर्ज

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** बभिया क्षेत्र में अवैध खनन पकड़ने गई जिला खनन अधिकारी और उनकी टीम पर माफिया ने हमला कर दिया। हमले में एक कर्मचारी घायल हो गया है। जिला खनन अधिकारी की तहरीर पर कैंट पुलिस ने दो नामजद और चार अज्ञात पर रिपोर्ट दर्ज करके आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

जिला खनन अधिकारी मनीश कुमार सिंह ने बताया कि 15 मार्च की रात अपनी टीम के साथ सरकारी वाहन से चेकिंग कर रहे थे। बुखारा मोड़ से आगे बभिया थाना कैंट की तरफ जाने पर 15 से 20 ट्रैक्टर ट्राली अवैध खनन और परिवहन करते हुए दिखाई दिए। टीम को देखकर चालक मौके से ट्राली लेकर भागने का प्रयास करने लगे। पीछा करके एक ट्रैक्टर ट्राली को खनन की मिट्टी के साथ पकड़ लिया। इसके बाद वह ट्रैक्टर ट्राली को लेकर बभिया चौकी जा रहे थे।

आरोप है कि रास्ते में वभिया गांव की आबादी पड़ी। इसमें अवैध खनन करने वाले महेश ने उनके सरकारी वाहन को रोकने का प्रयास किया। गाड़ी आगे बढ़ाने पर गाड़ी पर पत्थर फेंककर गाली गलौज शुरू कर दी। इसके बाद ट्रैक्टर चालक अंकित सिंह को वभिया चौकी ले जाकर पूछताछ की गई तो उसने बताया कि कृपाल सिंह गैंग बनाकर रात में अवैध खनन का काम करते हैं। खनन अधिकारी की तहरीर पर कैंट पुलिस ने कृपाल सिंह, महेश समेत चार अन्य अज्ञात पर रिपोर्ट दर्ज की है।

### फिल्मी स्टाइल में सड़क पर चालक ने फैलाया रेता



**बरेली :** अवैध रूप से रेता भरकर सड़क पर दौड़ रही ट्रैक्टर ट्राली को पकड़ने के दौरान का जो वीडियो सामने आया है, उसमें जो तस्वीर दिख रही है, वैसा सीन अक्सर फिल्मों में हीरो की एंट्री पर बिलेन के रोड़े अटकाने के दिखते हैं। इस सीन में ट्रैक्टर ट्राली दौड़ा रहे चालक को पकड़ने के लिए अधिकारी कार से पीछा करते दिख रहे हैं। बाइक सवार चालक को तेज गति से दौड़ाने के लिए कह रहा है। पकड़े जाने के डर से चालक ने बीच रोड पर ट्रैक्टर में भरा रेता हाइड्रा के जरिये फैलाना शुरू कर दिया, इससे दोनों बाइकों पर सवार भी सड़क पर फिसल कर गिरने से बचे। हालांकि बाद में उस चालक को पकड़ लिया।

### दूसरे दिन फिर टकराव, हमला

टीम 16 मार्च की रात फिर से चेकिंग कर रही थी। बताया जा रहा टीम को मौके पर खनन की अवैध ट्राली मिली, लेकिन मौके पर पहुंचे कृपाल सिंह और उसके साथियों ने टीम के साथ गाली-गलौज करते हुए जबरन वाहन छुड़ाने की कोशिश की। आरोपियों ने टीम के साथ धक्का-मुक्की की। इस दौरान एक कर्मचारी को घायल कर दिया। साथ ही वाहन भगाने का प्रयास किया व जान से मारने की धमकी दी गई।

### आरोप : भाजपा नेता बताकर अवैध खनन कराता है आरोपी कृपाल

मुकदमे में नामजद किया गया खनन माफिया कृपाल सिंह प्रदेश के उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक का फोटो अपने साथ लगाकर भाजपा का नेता बताता है। आरोप है कि भाजपा नेता बताकर अवैध खनन करता है। इससे पहले कैंट थाने के तत्कालीन इंस्पेक्टर विश्वजीत प्रताप सिंह के साथ भी कृपाल ने बदतमीजी की थी। इस पर इंस्पेक्टर ने उसे हिरासत में लेने के बाद शांति भंग की आशंका में चालान कर दिया था।

# नौकरी का झांसा देकर युवती को ले जाने में पांच वर्ष कैद

- पीड़िता ने दुष्कर्म से किया इंकार, इस आरोप में बरी

विधि संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** युवती को रेलवे में नौकरी का झांसा देकर बहला फुसलाकर ले जाने के आरोपी थाना अलीगंज के गैनी निवासी अनिल को परीक्षण में दोषी पाते हुए अपर सत्र न्यायाधीश त्वरित न्यायालय अशोक कुमार यादव ने 5 वर्ष कारावास व 11 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनायी, दुष्कर्म के आरोप से बरी कर दिया।

सरकारी वकील सुरेश बाबू साहू ने बताया कि पीड़िता के पिता ने थाना इज्जतनगर में तहरीर देकर बताया था कि 6 जनवरी 2019 को उसके ससुर ने उसे सूचना दी कि अनिल उनका जानने वाला है उसका कहना है कि उसकी रेलवे में अच्छी पहुंच है, वह नौकरी लगवा देगा जोकि संतोष के घर पर भी रुका था। उसने अपने ससुर की बात मानकर अपनी लड़की व साले को साथ लेकर रेलवे स्टेशन जंक्शन पर गये वहां अनिल ने फार्म भरकर अन्दर जाकर वापस आकर बताया कि फार्म जमा हो गया है। अब इज्जत नगर रेलवे हॉस्पिटल में लड़की की डॉक्टरी होगी।

वह 7 जनवरी 2019 को रेलवे अस्पताल इज्जत नगर में दोपहर 3.30 बजे पहुंचे जहां अनिल ने कहा कि डॉक्टरी के लिए वह और लड़की ही अन्दर जायेगी। वह व उसका साला बाहर बैठे रहे। काफी देर इंतजार के बाद भी लड़की वापस नहीं आयी, तब जाकर देखा तो अनिल व लड़की गायब थे। अनिल उसकी लड़की का अपहरण करके अपने साथ ले गया। पुलिस ने विवेचना उपरांत बहला-फुसला कर ले जाने, दुष्कर्म की धाराओं में आरोप पत्र कोर्ट भेजा था।

## निर्माण सामग्री चोरी करके सुरक्षा अधिकारी फरार

**बरेली, अमृत विचारः** बरेली बाईपास के सड़क निर्माण के लिए नामित की गई सुरक्षा एजेंसी का सुरक्षा अधिकारी की कीमती सामान चोरी करके फरार हो गया। प्रबंधक की तहरीर पर कैंट पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है।

मध्य प्रदेश के शताब्दीपुरम निवासी प्रकाश सिंह तोमर ने बताया कि वह आरपी इंफ्रावेंचर प्राइवेट लिमिटेड कंपनी में प्रबंधक मानव संसाधन के पद पर कार्यरत है। वर्तमान में आरपी इंफ्रावेंचर कंपनी को बरेली बाईपास के सड़क निर्माण का काम मिला हुआ है। कंपनी ने चौबारी गांव के पास कैंप बना रखा है। कैंप परिसर में निर्माण सामग्री रखी है। आरोप है कि 17 मार्च को कंपनी का सुरक्षा अधिकारी विवेक यादव निवासी शिकोहाबाद जनपद फिरोजाबाद अन्य लोगों के साथ शटरिंग प्लेट्स चोरी कर फरार हो गया। कैंट पुलिस ने विवेक यादव और अन्य पर रिपोर्ट दर्ज की है।

# सीवर लाइन जोड़ने की खोदाई से जाम

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** स्मार्ट सिटी का दम भरने वाले शहर के श्यामगंज चौराहे पर इन दिनों 'विकास' का ऐसा सीवर लीक हुआ है कि पूरी व्यवस्था पर ही सवाल उठ रहे हैं। पिछले सप्ताह यह व्यस्ततम चौराहा खोदा गया, जो राहगीरों के लिए 'गले की फांस' बन चुका है। काम कर रहे मजूदरों का कहना है कि करीब पांच दिन ओर लग सकते हैं, ऐसे में जनता को जाम का नरक ओर झेलना होगा।

सरकारी विभागों के बीच तालमेल की कमी का इससे बड़ा नमूना और क्या होगा कि जल कल शहरी ने सात महीने पहले ट्रंक सीवर का काम तो किया, लेकिन श्यामगंज में महज 50 मीटर की दूरी पर पाइप डालना भूल गया। इसकी कीमत आज इलाके के ढाई हजार परिवार चुका रहे हैं, जिनके घरों की जल निकासी महीनों से बाधित है। अब जब नगर निगम ने इस अधूरे काम को पूरा करने का बीड़ा उठाया है, तो उसकी कार्यशैली ने जनता का जीना दूभर कर दिया है। जेसीबी से बेतरतीब खुदाई कर चौराहे को जिस तरह आधा छोड़ दिया गया है, उसने मुख्य मार्ग को एक पतली गली में तब्दील कर दिया है, जहां सुबह से लेकर देर रात तक केवल रेंगते हुए वाहन और बेबस जनता दिखाई देती है। विभाग की इस सुस्ती ने न केवल यातायात को ठप किया है, बल्कि स्थानीय व्यापारियों का धंधा भी धूल की परतों के नीचे दबा दिया है।



शहामतगंज चौराहे पर पुल के नीचे सीवर लाइन जोड़ने को की गई खोदाई।

- 50 मीटर की सीवर लाइन ने हफ्ते भर से किया शहर का दम हलकान
- सात दिन से खुदा पड़ा है चौराहा ऑफिस और स्कूल जाने वाले बेहाल

> सीवर लाइन का कार्य जलकल विभाग के माध्यम से युद्ध स्तर पर कराया जा रहा है और इसे जल्द से जल्द पूरा कर लिया जाएगा। निर्माण कार्य के चलते जनता को जाम की समस्या से कम से कम जूझना पड़े, इसके लिए ट्रैफिक पुलिस की टीम लगातार मौके पर मुस्तैद है। - **संजीव कुमार मौर्य**, नगर आयुक्त

## क्रेडिट कार्ड की लिमिट बढ़ाने के नाम पर ठगी

**बरेली, अमृत विचार :** क्रेडिट कार्ड की लिमिट बढ़ाने के नाम पर युवक के साथ साइबर ठगी हो गई। ठगों द्वारा भेजे गए लिंक पर क्लिक करते ही उसके खाते से 86 हजार रुपये कट गए। एसएसपी के आदेश पर सीबीगंज पुलिस ने अज्ञात में रिपोर्ट दर्ज की है।

सीबीगंज के महेशपुर इस्लामनगर निवासी लियाकत हुसैन ने बताया कि 7 मार्च की शाम अज्ञात नंबर से कॉल आई। कॉल करने वाले ने खुद को एक्सिस बैंक का कर्मचारी बताते हुए कहा कि आपके क्रेडिट कार्ड की लिमिट बढ़ाने का ऑफर चल रहा है। उसने दूसरे नंबर से उनके व्हाट्सएप पर लिंक भेजकर कहा कि इसे खोलने पर एक्सिस बैंक का ऐप खुलेगा। इस पर क्लिक करके ओटीपी दर्ज करते ही क्रेडिट कार्ड की लिमिट बढ़ जाएगी, लेकिन ओटीपी दर्ज करते ही उसके बैंक खाते से 86 हजार 556 रुपये कट गए। इसके बाद उसे अपने साथ हुई धोखाधड़ी का अहसास हुआ।

## सिटी ब्रीफ

### कुट्टू, खोया, मूंगफली सहित विभिन्न खाद्य पदार्थों के 14 नमूने भरे

**बरेली, अमृत विचार** : चैत्र नवरात्रि के अवसर पर मिलावटी खाद्य एवं पेय पदार्थों की बिक्री पर रोकथाम लगाने के लिए सहायक आयुक्त (खाद्य)-द्वितीय अक्षय गोयल नेतृत्व में गुरुवार को खाद्य सुरक्षा अधिकारियों ने विभिन्न स्थानों पर छापेमारी कर 14 नमूने भरे। गंगापुर से मूंगफली दाना का एक नमूना, सैनिक कालोनी संजयनगर से साबूदाना का एक नमूना, राजेन्द्र नगर से मखाना का एक नमूना, नकटिया चौराहा से छुहारा एवं कुट्टू के आटे का एक-एक नमूना, मूंगफली (पैक्ड) एवं सिंघाड़ा आटा (पैक्ड) का एक-एक नमूना, मोहनपुर नकटिया से कुट्टू का आटा का एक नमूना, छोटी विहार, पीलीभीत रोड से मखाना, साबूदाना एवं फलहारी नमकीन का एक-एक नमूने संग्रहित किये। खोयामंडी फरीदपुर से खोया का एक, दूसरी दुकान से भी खोया का एक नमूना, ग्राम भगवन्तापुर स्थित प्रतिष्ठान से सरसों का तेल का एक नमूना संग्रहित किया। सभी नमूनों को जांच के लिए झांसी प्रयोगशाला भेजा गया है।

### रेल कर्मी को मिला सेफ्टी स्टार ऑफ द मंथ पुरस्कार

**बरेली, अमृत विचार** : पूर्वोत्तर रेलवे इज्जतनगर मंडल के महाप्रबन्धक उदय बोरवणकर ने 18 मार्च को संरक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले 3 कर्मचारियों को सेफ्टी स्टार ऑफ द मंथ पुरस्कार से सम्मानित किया। इसमें इज्जतनगर मंडल के इंजीनियरिंग विभाग में सीनियर सेक्शन इंजीनियर (रेलपथ), कासगंज के अधीन ट्रैकमेन्टेनर राजकुमार बघेल भी शामिल हैं।

### विश्व हिन्दू महासंघ के जिलाध्यक्ष बने अरविंद कुमार

**बरेली, अमृत विचार** : विश्व हिन्दू महासंघ 'सनातन रक्षा वाहिनी' प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष हरि नारायण महाराज ने संगठन का विस्तार करते हुए बरेली के अरविन्द कुमार को जिलाध्यक्ष के पद पर मनोनीत किया है। अरविन्द को उनकी सक्रियता और निष्ठा को देखते हुए यह जिम्मेदारी सौंपी गई।

# त्रिशूल वायुसेना स्टेशन के विस्तार को खरीदी जाएगी जमीन

राकेश शर्मा, बरेली




- भूड़ा, हाजीपुर ब्रजलाल और नगरिया कलां की करीब 90.2160 हेक्टेयर भूमि होगी अर्जित
- वायुसेना स्टेशन के आसपास के 240 किसानों से 4.81 अरब रुपये से खरीदी जाएगी जमीन
- विशेष भूमि अध्याप्ति अधिकारी कार्यालय ने रक्षा संपदा कार्यालय को भेजी मूल्यांकन रिपोर्ट

**अमृत विचार:** त्रिशूल वायुसेना स्टेशन के विस्तारीकरण की फाइल ने रफ्तार पकड़ ली है। पहले वायुसेना स्टेशन के आसपास चार गांवों की भूमि अर्जन की चर्चा हुई थी लेकिन अब तीन गांवों में भूड़ा, हाजीपुर ब्रजलाल और नगरिया कलां की भूमि अर्जन होगी। इन गांवों की भूमि वायुसेना स्टेशन से लगी हुई है। रक्षा संपदा विभाग से पत्र मिलने के बाद विशेष भूमि अध्याप्ति अधिकारी कार्यालय ने तीनों गांवों की भूमि का वर्तमान सर्किल रेट के अनुसार गाटा संख्या की जांच करते हुए मूल्यांकन कर लिया है। करीब 90.2160 हेक्टेयर भूमि 4.81 अरब रुपये से अर्जन की जाएगी। विशेष भूमि अध्याप्ति अधिकारी देश दीपक सिंह की ओर से मूल्यांकन की रिपोर्ट रक्षा संपदा अधिकारी को भेज दी गयी है।

विशेष भूमि अध्याप्ति अधिकारी कार्यालय की ओर से रक्षा संपदा विभाग को भेजी रिपोर्ट में बताया गया है कि तहसील सदर क्षेत्र के भूड़ा गांव की भूमि का सवा करोड़ रुपये प्रति हेक्टेयर की दर से मूल्यांकन किया है। इस गांव के 148 किसानों की भूमि अर्जित होगी। हाजीपुर ब्रज लाल गांव की भूमि का मूल्यांकन 90 लाख रुपये प्रति हेक्टेयर की दर से किया है। इस गांव के 36 किसानों की भूमि का अर्जन होगा। नगरिया कलां गांव की भूमि उपरोक्त दोनों गांवों से महंगी है।

यहां सर्किल रेट के अनुसार 2.20 करोड़ रुपये प्रति हेक्टेयर की दर से मूल्यांकन किया है। 54 किसानों की भूमि का अर्जन होगा। मूल्यांकन रिपोर्ट में बताया है कि 90.2160 हेक्टेयर भूमि के अर्जन पर 4.81 अरब रुपये खर्च होंगे। विशेष भूमि अध्याप्ति अधिकारी के अनुसार रक्षा संपदा विभाग से अगला निर्देश मिलने के बाद ही भूमि अर्जन की कार्रवाई की जाएगी।

दरअसल, वर्ष 2024 में रक्षा मंत्रालय से विस्तारीकरण की मंजूरी मिलने के बाद करीब 93.798 हेक्टेयर भूमि अधिग्रहण करने की योजना बनाई गयी थी। भूमि उपलब्ध कराने के लिए डीएम को चिट्ठी भेजी थी, इस पर प्रशासन ने तहसील सदर क्षेत्र के ग्राम भूड़ा, हाजीपुर ब्रजलाल और नगरिया कलां क्षेत्र की भूमि प्रस्तावित कर भूमि का सर्वे कराकर इसकी जानकारी रक्षा संपदा विभाग को उपलब्ध कराई थी। इसके साथ रक्षा संपदा विभाग ने वायुसेना स्टेशन की भूमि के संबंध में जियो रेफरेंस शेप फाइल भी जिला प्रशासन से मांगी, ताकि मानचित्र पर प्रत्येक बिंदु पृथ्वी की सतह पर कहां स्थित है, इसकी जानकारी स्पष्ट हो सके। इसका सर्वे कराकर रिपोर्ट भेजी गयी थी। करीब 61 साल पहले स्थापित किए गए त्रिशूल वायुसेना स्टेशन का दायरा बढ़ाने के लिए विस्तार किया जा रहा है।

# हीमोफीलिया पीड़ित तीन साल के बच्चे की लखनऊ में मौत

- एक माह में तीसरी मौत से मचा हड़कंप

**बरेली, अमृत विचार** : हीमोफीलिया से पीड़ित तीन साल के बच्चे की इलाज के दौरान लखनऊ के अस्पताल में मौत हो गई। इससे परिवार गमगीन हो गया है।

किला क्षेत्र के मुरावपुरा निवासी पंकज सब्जी-फल बेचकर परिवार का भरण-पोषण करते हैं। उनका तीन वर्षीय बेटा कार्तिक हीमोफीलिया से ग्रसित था। उसे फैक्टर भी लगाया जा चुका था। कुछ दिन पहले बच्चे की अचानक तबीयत बिगड़ गई। इस पर परिजनों ने उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया। हालत में सुधार न होने पर डॉक्टरों ने उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया। परिजन उसे लखनऊ के अस्पताल ले गए, जहां गुरुवार को इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। आर्थिक रूप से कमजोर परिवार पिछले तीन वर्षों से बच्चे का इलाज करा रहा था।

हीमोफिलिया सोसाइटी की अध्यक्ष रेखा रानी ने बताया कि कार्तिक को जिला अस्पताल में फैक्टर-8 दिया गया था, लेकिन उसकी जान नहीं बचाई जा सकी। उन्होंने बताया कि इससे पहले 3 मार्च को विशेषपुर निवासी महेंद्र पाल सिंह की भी हीमोफीलिया के कारण मौत हो चुकी है। देवरनियां निवासी रामकिशोर की भी 23 फरवरी को हीमोफीलिया से मौत हो चुकी है।

# 10 वर्षों में आवास आवंटन व कब्जाधारकों की रिपोर्ट तलब

## मंडलायुक्त ने कलेक्ट्रेट का वार्षिक मुआयना कर तहसील सदर का भी निरीक्षण किया, शिकायतों का निस्तारण प्राथमिकता पर करने के दिए निर्देश

कार्यालय संवाददाता, बरेली



कलेक्ट्रेट में नजारत अनुभाग का निरीक्षण करते मंडलायुक्त भूपेंद्र एस. चौधरी। ● अमृत विचार

- जिलाधिकारी न्यायालय के कर्मियों के पटलों के बाद नजारत की व्यवस्थाएं देखीं

**अमृत विचार:** मंडलायुक्त भूपेन्द्र एस. चौधरी ने गुरुवार को कलेक्ट्रेट का वार्षिक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने जिलाधिकारी न्यायालय के कर्मियों के पटल व नजारत की व्यवस्थाएं देखीं। नाजिर से 10 वर्षों में आवास आवंटित और कब्जाधारकों की रिपोर्ट तलब की। नाजिर को निर्देश दिए कि 10 वर्षों में किस-किस को आवास आवंटित हुए, स्थानांतरण के बाद आवास पर कब्जा बनाए रखने, बकाया आदि की विस्तृत रिपोर्ट तैयार कर उपलब्ध कराएं।

मंडलायुक्त ने डीएम न्यायालय, नजारत अनुभाग का निरीक्षण कर कामकाज, साफ-सफाई और अभिलेखों के रखरखाव की स्थिति देखी। डीएम ने बताया कि छह नए वाहन आए हैं, एक इनोवा शीघ्र मिलेगी। गोपन अनुभाग के पटलों का निरीक्षण कर मजिस्ट्रेट ड्यूटी, परीक्षा संबंधी पत्रावलियां, ज्ञापन पत्रावली, आयोग से प्राप्त संदर्भ, ई-ऑफिस और ऑनलाइन प्राप्त पत्रावलियां देखीं। कर्मचारियों की व्यक्तिगत पत्रावलियों, कर्मचारियों के विरुद्ध लंबित आरोप पत्रों की जांच और सीबीएसई की मान्यताओं की स्थिति पूछी, जिस पर जनपद स्तर पर दो मान्यताएं लंबित बताईं।

डाक व्यवस्था में बताया कि डाक प्रतिदिन 150 से 200 प्राप्त होती हैं। मंडलायुक्त ने डाक पटल पर कंप्यूटर व्यवस्था सुचारू करते हुए कार्य को बेहतर बनाने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने नगर मजिस्ट्रेट को कंप्यूटर उपलब्ध कराने को निर्देशित किया। मंडलायुक्त ने लाइसेंसों के नवीनीकरण की जांच कराने के निर्देश दिए। राजस्व अभिलेखागार के अधिकारियों और कर्मचारियों को निर्देश दिए कि शिकायतों का निस्तारण प्राथमिकता और समयबद्ध तरीके से कराएं। डीएम अविनाश सिंह, एडीएम ई पूर्णिमा सिंह, एडीएम फाइनेंस संतोष कुमार सिंह, एडीएम सिटी सौरभ दुबे, एडीएम जे देश दीपक सिंह, सिटी मजिस्ट्रेट राजेश कुमार वर्मा, एसडीएम सदर प्रमोद कुमार, एएसडीएम सदर राम जनम आदि अधिकारी उपस्थित रहे।

### फरीदपुर में कमिश्नर ने फोन कर परखी योजनाओं की सच्चाई

**फरीदपुर, अमृत विचार** : कमिश्नर भूपेंद्र एस. चौधरी, जिलाधिकारी अविनाश सिंह और एडीएम प्रशासन पूर्णिमा सिंह ने फरीदपुर तहसील में वार्षिक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं की हकीकत परखी। कमिश्नर ने सबसे पहले एसडीएम कोर्ट का निरीक्षण किया। इसके बाद आरके कार्यालय में किसान दुर्घटना बीमा की फाइलों की गहन जांच की। उन्होंने फाइल से नंबर निकालकर सीधे लाभार्थी को फोन कर भुगतान की पुष्टि की। निरीक्षण के दौरान स्थानीय लोगों ने डायट परिसर के आवासों में अवैध कब्जे और असामाजिक तत्वों की आवाजाही की शिकायत की। उन्होंने बताया कि पास में कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय होने से कभी भी गंभीर घटना हो सकती है। इस पर अधिकारियों ने तत्काल जांच के आदेश दिए। इसी बीच दिव्यांग राजीव अग्रवाल ने राशन विक्रेता पर अभद्रता और राशन में कटौती का आरोप लगाया। अधिकारियों ने मामले में निष्पक्ष जांच और उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया।

### मुड़िया अहमद नगर में कृषि पट्टा आवंटन की वर्तमान स्थिति की जांच कर रिपोर्ट दें

मंडलायुक्त ने तहसील सदर के निरीक्षण के दौरान एसडीएम कोर्ट में धारा-80, धारा-24 के वादों के निस्तारण की जानकारी ली, जिस पर डीएम ने बताया कि कोर्ट में वादों का निस्तारण तेजी से किया जा रहा है, इस कार्य में विलंब होने पर सीएम डैशबोर्ड की रैंकिंग में गिरावट आ जाती है। वर्ष 1972 के आवास आंवटन और वर्ष 2019 की मुड़िया अहमद नगर की कृषि पट्टा आंवटन की पत्रावली देखी। निर्देश दिए कि सभी रिकार्ड को स्कैन कराकर संरक्षित करें। मुड़िया अहमद नगर की कृषि पट्टा आवंटन की पत्रावली के आवंटकों की कृषि भूमि पर वर्तमान में स्थिति क्या है, उसकी जांच कराकर रिपोर्ट उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। आपूर्ति कार्यालय में कुछ आवेदन नये राशन कार्ड, कुछ यूनिट जुड़वाने और कुछ यूनिट कटवाने के मिले।

# शहर में फैला कूड़ा, दफ्तर में बागूगिरी कर रहे सफाई कर्मी

**बरेली, अमृत विचार** : शासन की मंशा है कि शहरों को कचरा मुक्त बनाया जाए। इसके लिए स्पष्ट आदेश हैं कि सफाई कर्मचारियों से केवल उनके मूल पद का कार्य ही लिया जाए। नगर निगम में शासन के ये नियम फाइलों में दबा नजर आ रहा है। यहां 14 सफाई कर्मचारी झाड़ू छोड़कर बाबूगिरी कर रहे हैं। इस गंभीर विसंगति पर जब उप नगर स्वास्थ्य अधिकारी से सवाल हुआ, तो उनका जवाब बेहद हास्यास्पद रहा। उनका कहना है कि इन कर्मियों का 'अटैचमेंट' किया जा सकता है।

नगर निगम के स्वास्थ्य विभाग में चल रहा यह 'अटैचमेंट खेल' लंबे समय से चर्चा का विषय बना हुआ है। शिकायतों के मुताबिक, ये 14 रसूखदार कर्मचारी फील्ड में पसीना बहाने के बजाय दफ्तरों के वातानुकूलित कमरों में बैठे हैं। शिकायतकर्ता ने नगर स्वास्थ्य अधिकारी की अनुपस्थिति में उनके कार्यालय के लिपिक को भी बीते दिनों सभी सफाई कर्मियों के नाम और साक्ष्य के तौर पर फोटो दिए थे। नगर आयुक्त संजीव कुमार मौर्य का कहना है कि वह मामले को दिखवाएंगे, किसी विषम परिस्थिति में एक-दो कर्मचारी तो ठीक हैं, लेकिन इतनी बड़ी संख्या में कर्मचारियों के ऑफिस में तैनाती की जांच कराई जाएगी।

# नवरात्र पर हुईं तीन सौ रजिस्ट्री, रविवार को खुलेगा रजिस्ट्री ऑफिस

**बरेली, अमृत विचार** : नवरात्रि के पहले दिन जिले भर में कुल तीन सौ रजिस्ट्रियां लोगों ने कराईं। सुबह दस बजे से ही रजिस्ट्री कार्यालय में लोगों की लाइनें लगी रहीं। उप निबंधक प्रथम और द्वितीय के यहां यह रजिस्ट्री हुई हैं। इससे पहले पितृ पक्ष के कारण रजिस्ट्री की संख्या कम थी, लेकिन नवरात्रि के पहले दिन से इसमें बढ़ोतरी हुई है। सहायक महानिरीक्षक निबंधन बरेली तेज सिंह यादव ने बताया कि नवरात्रि के पहले दिन रजिस्ट्री की संख्या में बढ़ोतरी हुई है। वहीं नवरात्रि में जमीनों की खरीद- फरोख्त के मद्देनजर रविवार को रजिस्ट्री ऑफिस खुला रहेगा।

## सिटी डायरी

### सर्वाइकल कैंसर से बचाव को एचपीवी वैक्सीन लगाई



**बरेली, अमृत विचार** : सर्वाइकल कैंसर की रोकथाम के लिए शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र जगतपुर में गुरुवार को विशेष टीकाकरण अभियान शुरू किया गया। 14 से 15 वर्ष की किशोरियों को एचपीवी वैक्सीन लगाई गई। टीकाकरण का शुभारंभ डॉ. श्वेता, डॉ. अजमेर और डॉ. प्रशांत की देखरेख में किया गया। डॉ. श्वेता ने बताया कि सर्वाइकल कैंसर महिलाओं के लिए एक गंभीर खतरा है, लेकिन सही उम्र में टीकाकरण के जरिए इससे पूरी तरह बचा जा सकता है।

### विधायक ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को सम्मानित किया



**बरेली, अमृत विचार** : कैंट विधायक संजीव अग्रवाल ने गुरुवार को रामपुर गार्डन स्थित कार्यालय पर वाल्मीकि समाज से नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को सम्मानित किया। विधायक ने भाजपा महानगर टीम में उपाध्यक्ष बनाए गए अमरीश कठेरिया, केन्द्रीय आयुर्वेदिक विज्ञान अनुसंधान परिषद की गवर्निंग बॉडी का सदस्य नियुक्त किए गए मनोज थपलियाल और नगर निगम में पार्षद नामित किए गए हरीश बाबू वाल्मीकि को पटका पहनाकर, प्रतीक चिह्न भेंटकर अभिनंदन किया। वाल्मीकि समाज के युवाओं ने भी विधायक को सम्मानित किया। पैरालंपिक डेवलपमेंट कमेटी के चेयरमैन दक्ष शर्मा पाराशर का आभार व्यक्त किया। शिशुपाल कठेरिया, हरि सिंह, हरबंस सिंह, हंसराज सिंह, श्याम सुंदर कठेरिया, अजय रत्नाकर, रंजीत वाल्मीकि, अजय चौहान, योगेश बंटी, डॉ गुरदीप सिंह, डॉ केके प्रजापति आदि मौजूद रहे।

### सनातन नव वर्ष महोत्सव मेला आज से



**बरेली, अमृत विचार** : सनातन संस्कृति चेतना ट्रस्ट बरेली के चतुर्थ सनातन नव वर्ष महोत्सव मेले का शुभारंभ शुक्रवार को बरेली क्लब ग्राउंड में कैबिनेट मंत्री नंद गोपाल गुप्ता 'नंदी' करेंगे। गुरुवार को भूमि पूजन किया गया। आयोजकों के अनुसार तीन दिवसीय यह आयोजन सनातन संस्कृति, परंपरा और भारतीय जीवन मूल्यों के प्रचार-प्रसार को समर्पित है। मेले में विभिन्न शहरों के स्टॉल आकर्षण का केंद्र होंगे। प्रथम दिवस पर भक्ति गायिका अभिलिप्सा पांडा एवं उनकी टीम संगीतमय प्रस्तुति देंगी। बच्चों और परिवारों के लिए झूले, खेल-मनोरंजन के साधन और विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित होंगी।

### कृष्ण स्वरूप को मिलेगा प्रताप नारायण मिश्र पुरस्कार



**बरेली, अमृत विचार** : राज्य कर्मचारी साहित्य संस्थान उत्तर प्रदेश ने संयुक्त शिक्षा निदेशक मंडल के कार्यालय के कार्यालय अधीक्षक पद से सेवानिवृत कृष्ण स्वरूप सक्सेना का चयन प्रताप नारायण मिश्र पुरस्कार के लिए किया है। अध्यक्ष आईएएस डॉ अखिलेश कुमार मिश्रा ने कृष्ण स्वरूप को चयनित होने की जानकारी दी है। लखनऊ में सिटी मोंटेसरी स्कूल गोमती नगर के सभागार में होने वाले कार्यक्रम में यह पुरस्कार दिया जाएगा। इसमें उन्हें पुरस्कार स्वरूप एक लाख रुपये की धनराशि प्रदान की जाएगी। वनमंत्री डॉ. अरुण कुमार सक्सेना, अनिल कुमार एडवोकेट, सुबोध जौहरी एडवोकेट, लाल बहादुर गंगवार, डॉ. रवि प्रकाश शर्मा, इंद्रदेव त्रिवेदी, डॉ. प्रियंका पांडे, सुरेश रस्तोगी आदि ने कृष्ण स्वरूप को बधाई दी है।

# बच्चों के दांतों की सेहत : एक जरूरी पहल, अभिभावकों की अहम भूमिका

- आईएसपीपीडी 20 मार्च से 20 अप्रैल तक 'ओरल हेल्थ मंथ' की शुरुआत करा रहा है

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार** : आईएसपीपीडी की ओर से 20 मार्च से 20 अप्रैल तक ''ओरल हेल्थ मंथ'' की शुरुआत की जा रही है, जिसे बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी के इंस्टीट्यूट ऑफ डेंटल साइंसेज में विशेष रूप से मनाया जाएगा। इस पूरे अभियान के दौरान बच्चों और आम जनता के लिए निशुल्क ओरल स्क्रीनिंग की व्यवस्था की जाएगी। विभिन्न स्थानों पर जागरूकता शिविर लगाए जाएंगे, जहां लोगों को मौखिक स्वच्छता, सही ब्रशिंग तकनीक और संतुलित आहार के महत्व के बारे में जानकारी दी जाएगी। इस पहल का मुख्य उद्देश्य समाज के हर वर्ग तक पहुंचकर उन्हें दांतों की देखभाल के प्रति जागरूक बनाना है।

दरअसल, बदलते समय में बच्चों के मौखिक स्वास्थ्य से जुड़ी समस्याएं तेजी से बढ़ती दिखाई दे रही हैं। कम उम्र में ही दांतों में सड़न (कैविटी), मसूड़ों की सूजन और दांतों का कमजोर होना आम हो गया है। इसका मुख्य कारण असंतुलित खानपान, मीठे खाद्य पदार्थों का अधिक सेवन और सही मौखिक स्वच्छता की कमी है।

विशेषज्ञों का मानना है कि बच्चों में अच्छी मौखिक आदतों की शुरुआत बहुत छोटी उम्र से ही हो जानी चाहिए। शुरुआत में मुलायम कपड़े से मसूड़ों की सफाई और बाद में नरम ब्रश का उपयोग करना लाभकारी होता है। बच्चों को दिन में दो बार ब्रश करने की आदत डलवाना आवश्यक है।

फ्लोराइड युक्त टूथपेस्ट का सीमित और सही उपयोग दांतों को मजबूत बनाने में मदद करता है। 6 वर्ष से कम उम्र के बच्चों की ब्रशिंग में अभिभावकों की निगरानी आवश्यक होती है, ताकि वे सही तरीके से दांत साफ कर सकें। चॉकलेट, टॉफी, बिस्कुट और मीठे पेय पदार्थ दांतों के लिए हानिकारक होते हैं, क्योंकि ये दांतों पर चिपक कर बैक्टीरिया को बढ़ावा देते हैं। इसके विपरीत, बच्चों को फल, हरी सब्जियां, दूध और कैल्शियम युक्त आहार देना चाहिए।

### दांतों की नियमित जांच जरूरी

दांतों की नियमित जांच जरूरी है। हर 6 महीने में दंत चिकित्सक से जांच करवाने से किसी भी समस्या का प्रारंभिक अवस्था में पता लगाया जा सकता है। इससे समय रहते उपचार संभव हो पाता है। अभिभावकों की भूमिका इस पूरे विषय में महत्वपूर्ण होती है। यदि वे स्वयं अच्छी मौखिक आदतों का पालन करें और बच्चों को भी प्रेरित करें तो बच्चों का मौखिक स्वास्थ्य लंबे समय तक बेहतर बना रह सकता है।

### आगामी एक महीने की शृंखला

मौखिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से इस विषय पर आने वाले एक महीने तक लेखों की एक विशेष शृंखला प्रस्तुत की जाएगी। जिसमें बच्चों के दांतों की देखभाल, सही ब्रशिंग तकनीक, छिपी हुई चीनी (हिडेन शुगर) के प्रभाव, स्कूल स्तर पर जागरूकता और दंत रोगों की रोकथाम जैसे विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत जानकारी दी जाएगी। इस पहल का उद्देश्य न केवल अभिभावकों को जागरूक करना है, बल्कि बच्चों में भी स्वस्थ आदतों को विकसित करना है, ताकि वे जीवनभर एक स्वस्थ मुस्कान बनाए रख सकें।

सबसे पुराना दवाखाना
गुप्त रोगी मिलें
हर तरफ से निराश रोगी मिलें


बवासीर,
शीघ्रपतन,
नामर्दी, बे-औलाद
रोगी मिलें
भारत प्रसिद्ध
गोल्ड मेडलिस्ट
डा. शेख
हर मंगलवार
निकट सैटेलाईट बस स्टैण्ड
बरेली
9837023223

## सिटी ब्रीफ

### शत्रु संपत्तियों पर पार्किंग बनाना नहीं आसान होगी ई-नीलामी

**बरेली, अमृत विचार :** बेशकीमती शत्रु संपत्तियों की ई-नीलामी प्रक्रिया शुरू हो गयी है। शत्रु संपत्ति अभिरक्षक कार्यालय ने विज्ञप्ति जारी कर 26 मार्च से 31 मार्च तक शत्रु संपत्तियों की ई-नीलामी कराने की जानकारी दी है। बरेली सहित राज्य के कई जिलों में स्थित शत्रु संपत्तियां ई-नीलामी में शामिल की गयी हैं। इसमें बरेली की 48 संपत्तियां शामिल की गयी हैं। शहरी क्षेत्र की शत्रु संपत्तियों पर अब पार्किंग बनाना भी आसान नहीं रह गया है। पार्किंग बनाने के लिए पहले प्रस्ताव लखनऊ भेजा जाता फिर लखनऊ से भारत के शत्रु संपत्ति अभिरक्षक कार्यालय भेजने के बाद मंजूरी मिलने की उम्मीद थी।

### बरेली कॉलेज में 30 को नीति संवाद

**बरेली, अमृत विचार :** बरेली कॉलेज के रक्षा एवं स्ट्रैटेजिक अध्ययन विभाग व फोरम फॉर ग्लोबल स्टडीज, नई दिल्ली के संयुक्त तत्वावधान में 30 मार्च को 'नीति संवाद' का आयोजन होगा। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों और युवा शोधार्थियों को कृत्रिम बुद्धिमत्ता, एल्गोरिदम, साइबर क्षमताओं और डेटा-आधारित सुरक्षा प्रणालियों जैसी उभरती प्रौद्योगिकियों के संदर्भ में भारत की बदलती रक्षा नीति से अवगत कराना है। प्राचार्य प्रो. ओमप्रकाश राय ने सभी विभाग प्रभारियों को कार्यक्रम में अधिक से अधिक सहभागिता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। कार्यक्रम समन्वयक डॉ. यशार्थ गौतम, सह-समन्वयक डॉ. बृजवास कुशवाहा को नामित किया है।

### संगठन की मजबूती और समस्याओं के समाधान पर मंथन

**बरेली, अमृत विचार :** स्टेट बैंक स्टाफ एसोसिएशन की ओर से गुरुवार को प्रशासनिक कार्यालय सभागार में मॉड्यूल कंसल्टेटिव मीटिंग आयोजित की गई। जिसमें कर्मचारियों के हित, कार्यस्थल की चुनौतियों और संगठन की मजबूती को लेकर चर्चा की गई। लखनऊ मंडल के महामंत्री डॉ. दिनेश कुमार सिंह ने कहा कि संगठन की वास्तविक शक्ति उसकी एकता और सक्रिय सहभागिता में है। बरेली मंडल के उप महामंत्री नवींद्र कुमार ने कहा कि संगठित कर्मचारी किसी भी प्रकार के दबाव या असमान व्यवहार का प्रभावी ढंग से सामना कर सकते हैं। बैठक में कई जिलों के पदाधिकारियों ने भाग लिया। उप महामंत्री आशुतोष वर्मा, उप महाप्रबंधक सुमन बख्शी, क्षेत्रीय सचिव नीरज कुमार राय आदि उपस्थित रहे।

# नवरात्र : देवी मंदिरों में उमड़ा आस्था का सैलाब

## प्रथम दिन मां शैलपुत्री का पूजन किया, मंदिरों में लगा रहा भक्तों का तांता

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** चैत्र नवरात्र के प्रथम दिन गुरुवार को शहर के प्रमुख देवी मंदिरों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। तड़के मंदिरों के पट खुलते ही देवी दर्शन और पूजा-अर्चना के लिए भक्तों की लंबी कतारें लग गईं। श्रद्धालुओं ने मां शैलपुत्री का पूजन किया। माता रानी के जयकारों से मंदिर परिसर गूंज उठे। पूरे शहर में भक्ति व उत्साह का माहौल देखने को मिला।

साहूकारा स्थित नवदुर्गा देवी मंदिर, बदायूं रोड स्थित चौरासी घंटा मंदिर, त्रिवटीनाथ मंदिर परिसर में नव निर्मित भवानी माता मंदिर, राजेंद्र नगर स्थित श्री हरमिलाप शिव शक्ति मंदिर और सुभाष नगर स्थित श्री हरे राम नवदुर्गा मंदिर सहित शहर के विभिन्न देवी मंदिरों को आकर्षक ढंग से सजाया गया। मंदिरों में माता के दर्शनों के लिए व्यवस्थाएं की गईं, जिससे श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। सुबह से श्रद्धालु परिवार सहित मंदिरों में पहुंचकर विधि-विधान से पूजा-अर्चना करते नजर आए। कई श्रद्धालुओं ने घरों में घट स्थापना कर नौ दिन तक व्रत रखने का संकल्प लिया।

मंदिरों में सुबह और शाम विशेष आरती का आयोजन हुआ। महिलाओं ने भजन-कीर्तन किया। मंदिरों के बाहर पूजन सामग्री की दुकानें सजी रहीं। उधर, सुभाष नगर स्थित अवधपुरी कॉलोनी के श्री हरे राम नव दुर्गा मंदिर में पूजन के लिए भक्तों का तांता लगा रहा। पूजा में संस्थाध्यक्ष डॉ. जितेंद्र कुमार शर्मा सहित अनेक श्रद्धालु उपस्थित रहे। सायंकाल में अंकित माहेश्वरी के नेतृत्व में श्रीराम चरित मानस के संगीतमय नवान्ह पाठ का शुभारंभ हुआ। संस्थाध्यक्ष ने बताया कि यह पाठ श्रीराम नवमी तक प्रतिदिन आयोजित होगा। मुकेश शर्मा, सत्यवती सिंह, भावना सिंह, आशा अरोड़ा, अनन्या, समीक्षा, माही, दुष्यन्त सिंह चौहान, नीलम श्रीवास्तव, अनीता मेहरोत्रा, पूनम शर्मा, विद्या शर्मा आदि मौजूद रहे। वहीं, प्रभात नगर स्थित श्री सोमनाथ मंदिर में चैत्र नवरात्र पर मां दुर्गा का पूजन कर कलश स्थापना की गई। पूजन अतुल मिश्रा ने संपन्न कराया। तृप्ति शुक्ला, नीरू अग्रवाल, राखी अग्रवाल आदि मौजूद रहीं।



नवरात्र पर बदायूं रोड स्थित चौरासी घंटा मंदिर में पूजा-अर्चना करते श्रद्धालु। ● अमृत विचार

### चौरासी घंटा मंदिर : निरंतर जल रही ज्योति

**बरेली, अमृत विचार :** बदायूं रोड स्थित चौरासी घंटा मंदिर श्रद्धालुओं के बीच आस्था का प्रमुख केंद्र है, जहां चैत्र नवरात्र पर तमाम धार्मिक आयोजन होते हैं। मंदिर में सुबह 5 से रात 10 बजे तक देवी दर्शन के लिए पट खुले रहते हैं। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं यहां आते हैं। इस मंदिर की स्थापना वर्ष 1969 में पंडित उमाशंकर गर्ग ने की थी। मंदिर से जुड़ी मान्यता के अनुसार उन्होंने घर बनाने के लिए जमीन खरीदी थी, लेकिन उनकी पत्नी को स्वप्न में माता ने दर्शन देकर पहले मंदिर निर्माण का आदेश दिया। उन्होंने घर से पहले मंदिर का निर्माण कराया। स्थापना के पहले ही दिन मंदिर में 84 घंटे (घंटियां) चढ़ाए गए, जिससे इसका नाम चौरासी घंटा मंदिर पड़ा। अब तक यहां 2,03,784 घंटे चढ़ाए जा चुके हैं। मंदिर में 12 अक्टूबर 2007 से माता की अखंड ज्योति निरंतर प्रज्ज्वलित है, जो श्रद्धालुओं की अटूट आस्था का प्रतीक है। वर्तमान में मंदिर के मुख्य सेवादार रविंद्र मोहन गर्ग हैं। नवरात्र के दौरान प्रतिदिन विशेष अनुष्ठान, पूजन और आरती का आयोजन किया जाता है। सुबह 10 और शाम 5 बजे मुख्य आरती होती है, जबकि दोपहर 2 से 5 बजे तक महिलाएं भजन-कीर्तन करती हैं। नवरात्र के चलते मंदिर परिसर को सजाया गया है।

### ट्यूलिप ग्रांड मंदिर में धर्म ध्वजा की स्थापना



**बरेली, अमृत विचार :** नवसंवत्सर पर ट्यूलिप ग्रांड मंदिर में धर्म ध्वजा स्थापना, संकीर्तन और भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया गया। मंदिर के शिखर पर धर्म ध्वजा की स्थापना की गई। प्रवक्ता महेश प्रवाल ने बताया कि ध्वजा स्थापना के साथ ही पूरे मंदिर परिसर में आध्यात्मिक वातावरण का संचार हुआ। इस्कॉन के संतों की ओर से करीब एक घंटे तक संकीर्तन किया गया। हरे राम, हरे कृष्ण के जयकारों से वातावरण भक्तिमय हो उठा। शोभायात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए।

### हिंदू नववर्ष धूमधाम से मनाया गया



**बरेली, अमृत विचार :** श्री सनातन धर्म मंदिर पंजाबी कॉलोनी मॉडल टाउन में नव संवत धूमधाम से मनाया गया। मंदिर में मां भगवती की अखंड ज्योति प्रज्वलित की गई। श्री रामचरितमानस का नवप्रहण पाठ आरंभ हुआ। जिसका समापन रामनवमी के दिन होगा। मंदिर कमेटी ने श्री सनातन व्रत उत्सव पुस्तिका का लोकार्पण वन मंत्री डॉ, अरुण सक्सेना से कराया। डॉ. केएम अरोरा, तिलक राज दुसेजा, मनमोहन सभरवाल, जनक राज, संजीव मुखर्जी, जयदीप चंदन, सतीश लुनियाल, संजीव मानिकतला, हरीश सेठी आदि उपस्थित रहे। महामंत्री संजीव चांदना ने बताया कि प्रतिदिन शाम को 7 :00 बजे माता की चौकी में महिला मंडल भजन-कीर्तन करेगा।

### कॉपी में छात्र ने पास कराने की अपील के साथ संपर्क नंबर लिखा

**बरेली, अमृत विचार :** चार केंद्रों पर उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन किया जा रहा है। राजकीय इंटर कॉलेज में मूल्यांकन के दौरान रसायन विज्ञान की एक उत्तर पुस्तिका में छात्र ने पास करने की अपील करते हुए अपना संपर्क नंबर लिख दिया।

मूल्यांकन में लगे शिक्षक ने बताया कि हमने उसकी कॉपी में लिखे उत्तर के आधार पर ही मूल्यांकन किया। हालांकि, इस तरह के प्रयास अब अपवाद के रूप में ही सामने आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि जागरूकता बढ़ने और सख्त निर्देशों के कारण छात्रों में इस तरह के भावनात्मक संदेश लिखने की प्रवृत्ति कम हुई है। अब परीक्षार्थी अपने प्रदर्शन पर अधिक ध्यान दे रहे हैं। जीआईसी के प्रधानाचार्य डॉ. ओमप्रकाश राय ने बताया कि किसी भी प्रकार का अनुचित प्रभाव या अपील मूल्यांकन को प्रभावित नहीं करती है। यदि किसी कॉपी में इस तरह का संदेश मिलता भी है, तो उसे नजरअंदाज कर केवल उत्तर की गुणवत्ता के आधार पर अंक दिए जाते हैं। यह बदलाव परीक्षा प्रणाली में पारदर्शिता और गंभीरता को दर्शाता है, जिससे छात्रों में प्रतिस्पर्धा की स्वस्थ भावना को बढ़ावा मिल रहा है। शिक्षा विभाग की ओर से भी स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि मूल्यांकन पूरी तरह गुणवत्ता और निर्धारित मानकों के आधार पर ही किया जाए।

### विद्यालयों ने आंतरिक अंक नहीं किए अपलोड 25 तक मोहलत

**बरेली, अमृत विचार :** माध्यमिक शिक्षा परिषद के क्षेत्रीय कार्यालय ने सत्र 2025-26 से संबंधित आंतरिक मूल्यांकन के अंकों को लेकर सख्त निर्देश जारी किए हैं। परिषद के क्षेत्रीय सचिव मुन्ने अली ने बताया कि क्षेत्रीय कार्यालय के अंतर्गत आने वाले 654 विद्यालयों ने अब तक हाईस्कूल विषयों के आंतरिक मूल्यांकन और इंटरमीडिएट के नैतिक शिक्षा, योग, खेल एवं शारीरिक शिक्षा के अंक परिषद की वेबसाइट पर अपलोड नहीं किए हैं। वे सभी विद्यालय छात्रों के प्राप्तांक 25 मार्च तक अनिवार्य रूप से परिषद की आधिकारिक वेबसाइट upmsp.edu.in पर अपलोड करें।

# क्रिकेट में फॉरेंसिक फाइटर्स व वालीबॉल में स्पेक्ट्रा वॉरियर्स विजेता

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- **खेल व सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं के विजेता सम्मानित**
- **सांस्कृतिक महोत्सव स्पेक्ट्रा का हुआ भव्य समापन**

**अमृत विचार :** बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी में आयोजित तीन दिवसीय खेल एवं सांस्कृतिक महोत्सव स्पेक्ट्रा-2026 का गुरुवार को भव्य समापन हुआ। विभिन्न खेल व सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं के विजेताओं को सम्मानित किया गया।

अंतिम दिन क्रिकेट प्रतियोगिता के फाइनल मुकाबले में फॉरेंसिक फाइटर्स टीम ने ड्रग डोजेज टीम को तीन विकेट से हराकर खिताब अपने नाम किया। वॉलीबॉल में स्पेक्ट्रा वॉरियर्स टीम विजेता रही। बैडमिंटन प्रतियोगिता में भी खिलाड़ियों का प्रदर्शन शानदार रहा। बालक एकल वर्ग में अभिनव कुमार विजेता और अकबर उपविजेता रहे। युगल वर्ग में हिमांशु और चिराग की टीम विजेता और नितिन और दीपांश की टीम उपविजेता रही। बालिका वर्ग एकल में कीर्ति गंगवार विजेता और निशा उपविजेता रहीं। युगल में माही और पलक की जोड़ी विजेता और पायल और वितिका उपविजेता रहीं। समापन समारोह में कॉलेज ऑफ फार्मेसी के प्राचार्य डॉ. पुष्पेन्द्र कन्नौजिया और कॉलेज ऑफ ह्यूमैनिटीज, जर्नलिज्म एंड मैनेजमेंट के प्राचार्य डॉ. सुनील कुमार सिंह ने विजेताओं व उपविजेताओं को सम्मानित किया।

संचालन सुमन और मेघा पांडे ने किया। प्राचार्य डॉ. पुष्पेन्द्र कन्नौजिया ने कहा कि आधुनिक युग में सोशल मीडिया या मोबाइल के चलते युवा पीढ़ी शारीरिक गतिविधियों जैसे खेलकूद एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों से दूर होते जा रहे हैं, ऐसे में विश्वविद्यालयों में इस प्रकार के आयोजन विद्यार्थियों के स्वास्थ्य विकास के लिए अत्यंत आवश्यक हैं। प्राचार्य डॉ. सुनील कुमार सिंह ने कहा कि खेल एवं सांस्कृतिक गतिविधियां विद्यार्थियों को जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करती हैं। विश्वविद्यालय की कुलपति डॉ. लता अग्रवाल ने कहा कि स्पेक्ट्रा-2026 जैसे आयोजन विद्यार्थियों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का सशक्त मंच प्रदान करते हैं, उन्हें जीवन के विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रेरित करते हैं।

मास्टर ऑफ हेल्थ एडमिनिस्ट्रेशन विभाग के विभागाध्यक्ष अजय उपाध्याय, फॉरेंसिक विभाग की समन्वयक शिवानी शर्मा, प्रतियोगिता समन्वयन डॉ. सनी पटेल, विनीत राठौर, डॉ. पंकज कुमार शंखधार, डॉ. योगेन्द्र सिंह, सोनाली गुप्ता मौजूद रहीं। वॉलीबॉल स्पेक्ट्रा फाइटर्स टीम में नितिन तोमर, अवधेश पटेल, राजवीर सिंह, सक्षम गुप्ता, निखिल, अमन, आयुष पटेल और स्पेक्ट्रा वॉरियर्स टीम में हिमांशु पटेल, दिव्यांशु चौहान, जैनुल, शिवांग पटेल, कौशल पटेल, तौसीम, मुनेंद्र यादव शामिल रहे।




विजेता टीम को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। ● अमृत विचार

# एसआरएमएस में खेल महोत्सव आमोद शुरू



खेल महोत्सव 'आमोद का शुभारंभ करते देव मूर्ति। ● अमृत विचार

**बरेली, अमृत विचार :** श्री राम मूर्ति स्मारक ट्रस्ट की ओर से एसआरएमएस इंजीनियरिंग कॉलेज के फुटबॉल मैदान पर गुरुवार से दो दिवसीय वार्षिक खेल महोत्सव 'आमोद 2026' शुरू हो गया। जिसका शुभारंभ मुख्य अतिथि गुड लाइफ हॉस्पिटल की डायरेक्टर ऋचा मूर्ति ने किया। उन्होंने प्रतिभागियों को जीत का मंत्र देते हुए कहा कि खेल केवल मैदान तक सीमित नहीं हैं, बल्कि ये हमें जीवन की चुनौतियों का साहसपूर्वक सामना करना सिखाते हैं।

पहले दिन कुल 17 खेल स्पर्धाओं का दौर शुरू हुआ, जिसमें एसआरएमएस ट्रस्ट की ओर से संचालित इंजीनियरिंग, मेडिकल, पैरामेडिकल और नर्सिंग संस्थानों के बालक व बालिका वर्ग के खिलाड़ियों ने अपना दमखम दिखाया। कबड्डी और खो-खो के फाइनल में कांटे की टक्कर देखने को मिली। फुटबॉल, वॉलीबॉल, बास्केटबॉल, बैडमिंटन, टेबल टेनिस और एथलेटिक्स जैसी आउटडोर स्पर्धाओं के साथ-साथ शतरंज और कैरम जैसे इनडोर खेलों में भी छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इससे पहले 'टायरो' क्लब के प्रेसिडेंट स्वास्तिक ने अतिथियों का स्वागत किया। संचालन ट्रस्ट की इवेंट कोऑर्डिनेटर सदफ रसूल ने किया। चेयरमैन देव मूर्ति, इंजीनियर सुभाष मेहरा, डॉ. प्रभाकर गुप्ता, डॉ. शैलेश सक्सेना, दिव्यांशी सिंह, कोच अनुज शर्मा, युसुफ अंसारी आदि मौजूद रहे।

### अग्निवीर भर्ती में 850 युवाओं ने लगाई दौड़, छह सौ सफल

**बरेली, अमृत विचार :** जाट रेजिमेंट केंद्र परिसर में आयोजित अग्निवीर भर्ती रैली में गुरुवार को 850 युवाओं ने दौड़ लगाई। इसमें से छह सौ अभ्यर्थी सफल हुए। सफल हुए अभ्यर्थियों को अगले चरण के लिए शुक्रवार को चिकित्सा परीक्षण के लिए बुलाया गया है।

भर्ती कार्यालय बरेली के अंतर्गत आने वाले बरेली जिले के अग्निवीर (जनरल ड्यूटी) के अभ्यर्थियों को गुरुवार को बुलाया गया था। भर्ती प्रक्रिया के दौरान कुल 850 अभ्यर्थियों ने दौड़ लगाकर अपनी क्षमता का प्रदर्शन किया। दौड़ और अन्य प्रारंभिक परीक्षणों में 600 अभ्यर्थी सफल घोषित किए गए। सफल अभ्यर्थियों को अगले चरण के तहत चिकित्सा परीक्षण के लिए बुलाया गया है। सेना भर्ती कार्यालय की ओर से भर्ती प्रक्रिया को पारदर्शी और सुव्यवस्थित तरीके से संपन्न कराया गया। भर्ती रैली के समय जाट रेजिमेंट के सामने नकटिया रोड को वन-वे कर दिया गया। सुरक्षा व्यवस्था के लिए यहां दो प्लाटून पीएसी के साथ पुलिस और ट्रैफिक पुलिस की तैनाती की गई है।

# गुड क्लीनिकल प्रैक्टिस का जिम्मेदारी संग पालन पर जोर




कार्यक्रम में अतिथियों को सम्मानित किया गया। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** एसआरएमएस मेडिकल कॉलेज में गुरुवार को मेडिकल एथिक्स और गुड क्लीनिकल प्रैक्टिस पर सीएमई हुई। इसमें बरेली परिक्षेत्र के मेडिकल कॉलेजों के चिकित्सक, पीजी स्टूडेंट शामिल हुए।

मेडिकल एजुकेशन विभाग की ओर से आयोजित सीएमई में मुख्य अतिथि एनआईएमसी के नेशनल कन्वीनर एवं सीएमसी लुधियाना के प्रो. दिनेश बदयाल शामिल हुए। उन्होंने मरीजों के उपचार के लिए गुड क्लीनिकल प्रैक्टिस पर जोर दिया। केजीएमयू के प्रो. आरके दीक्षित ने बायोएथिक्स के नियम, बायो मेडिकल एवं हेल्थ रिसर्च में मानव भागीदारी के संबंध में नेशनल इथिकल गाइडलाइंस, बायो मेडिकल एवं हेल्थ रिसर्च में बच्चों की भागीदारी के संबंध में नेशनल इथिकल गाइडलाइंस की चर्चा की।

रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हास्पिटल की डॉ.शालिनी चंद्रा ने नई दवाइयां और उनके क्लीनिकल ट्रायल, भारत में क्लीनिकल ट्रायल और रिसर्च के लिए वर्तमान में नियामक जरूरतें पर विस्तृत जानकारी दी। डॉ.सुजाता सिंह ने क्लीनिकल ट्रायल प्रोटोकाल्स, जरूरी दस्तावेजों का संग्रह, अभिलेखन और उनका रखरखाव पर व्याख्यान दिया। डॉ.एमएस बुटोला ने अतिथियों का स्वागत किया। संचालन डॉ.संध्या चौहान ने किया।

### स्वयंसेविकाओं ने साझा किए अनुभव

**बरेली, अमृत विचार :** वीरांगना रानी अवंतीबाई लोधी राजकीय महिला महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना की प्रथम एवं द्वितीय इकाई के शिविर का समापन गुरुवार को सरस्वती विद्या मंदिर जगतपुर में हुआ। इस दौरान स्वयंसेविकाओं ने अपने अनुभव साझा किए। रिया, रुचि एवं हंसिका पोस्टर एवं स्लोगन प्रतियोगिता में विजेता रहीं। प्राचार्या प्रो. दीपा अग्रवाल, पार्षद पूनम राठौर, कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अनु महाजन, डॉ. सुरभि, प्रो. रंजू, प्रो. संध्या सक्सेना व प्रधानाचार्य गोविंद पाराशर मौजूद रहे।

# फूड प्रोसेसिंग प्रशिक्षण सेंटर ठप होने की कगार पर

रतन सिंह गुर्जर, बरेली

- **डेलापीर स्थित केंद्र में 7 पद खाली, तीन ट्रेडों की 45 सीटें धूल फांक रहीं**
- **केवल प्रभारी प्राचार्य और एक लिपिक के भरोसे चलाया जा रहा संस्थान**




**अमृत विचार :** कौशल विकास और स्वरोजगार को बढ़ावा देने के सरकारी दावों की हकीकत डेलापीर स्थित राजकीय खाद्य विज्ञान प्रशिक्षण केंद्र में साफ दिखाई दे रही है। हालात इतने बदतर हो चुके हैं कि कर्मचारियों की भारी कमी के कारण इस बार का पूरा प्रशिक्षण सत्र ही शून्य रहने वाला है। युवाओं को हुनर सिखाने के लिए बनाए गए इस केंद्र में आज न प्रशिक्षक हैं, न पर्याप्त स्टाफ और न ही प्रशिक्षण की कोई गतिविधि।

राजकीय खाद्य विज्ञान प्रशिक्षण केंद्र केवल एक प्रभारी प्राचार्य और एक महिला लिपिक के सहारे चल रहा है। चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी के भरोसे रोजमर्रा के काम निपटाए जा रहे हैं। तकनीकी और प्रशिक्षण से जुड़े अधिकांश पद वर्षों से खाली पड़े हैं। प्रभारी प्राचार्य अंशुल सिंहा ने बताया कि केंद्र में दो वर्षों से छह पद रिक्त पड़े थे, जो अब बढ़कर सात हो चुके हैं। इनमें 3 पद प्रशिक्षक और 3 पद तकनीकी स्टाफ तथा 1 पद प्रभारी का शामिल है। इन पदों के खाली रहने से प्रशिक्षण पूरी तरह प्रभावित है। स्टाफ न होने से इस बार नए सत्र में प्रवेश प्रक्रिया ही शुरू नहीं की जा सकी।

### प्रशिक्षण केंद्र में संचालित हैं तीन ट्रेड

राजकीय खाद्य विज्ञान प्रशिक्षण केंद्र में तीन ट्रेड संचालित हैं। इनमें प्रत्येक में 15-15 सीटें निर्धारित हैं। यानि हर साल 45 युवाओं को खाद्य प्रसंस्करण का प्रशिक्षण दिया जाना था, जिससे वे स्वरोजगार के अवसर तलाश सकें, लेकिन विभागीय लापरवाही के कारण ये सीटें रिक्त हैं।

## सिटी डायरी

### नवसंवत्सर पूजन कर व्रतोत्सव पत्रिका का विमोचन किया



**बरेली, अमृत विचार :** त्रिवटीनाथ मंदिर में गुरुवार को नवसंवत्सर पूजन एवं व्रतोत्सव पत्रिका विमोचन कार्यक्रम हुआ। मंदिर के रामालय में पूजन के बाद पत्रिका का विमोचन किया गया। पंडित ईश्वरसरन ने विक्रम संवत 2083 के वर्षफल की जानकारी देते हुए बताया कि इस संवत्सर का नाम रौद्र है, जिसमें गुरु राजा और मंगल मंत्री हैं। इसके प्रभाव से धार्मिक आयोजनों में वृद्धि, कृषि उत्पादन में सुधार और देश की शक्ति में वृद्धि के संकेत हैं, जबकि कुछ स्थानों पर प्राकृतिक व अन्य चुनौतियों की भी संभावना जताई गई। मीडिया प्रभारी संजीव औतार अग्रवाल ने बताया कि मंदिर सेवा समिति हर वर्ष यह पत्रिका प्रकाशित करती है, जिसमें वर्षभर के व्रत-त्योहार और तिथियों की जानकारी होती है। पूजन उपरांत नव निर्मित भवानी मंदिर में कलश स्थापना और महाआरती हुई, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। पंडित उमाशंकर व्यास, प्रताप चंद्र सेठ, सुभाष मेहरा ने संयुक्त रूप से पत्रिका का विमोचन किया।

### गोलू देवता मंदिर में मां दुर्गा की प्रतिमा का अनावरण



**बरेली, अमृत विचार :** ग्राम सुरला स्थित गोलू देवता मंदिर में चैत्र नवरात्रि पर मां दुर्गा की प्रतिमा का अनावरण तुलसी मठ के पीठाधीश्वर नीरज नयन दास महाराज, भाजपा नेता अनिल कुमार एडवोकेट ने किया। इससे पहले विधिवत पूजा अर्चना की गई। महिलाओं ने माता रानी के भजन प्रस्तुत किए। नीरज नयन दास महाराज ने कहा कि मां दुर्गा की पूजा श्रेष्ठ पूजा है, जिसे हमारी माताएं और बहनें नौ दिन तक व्रत रखकर पूजती हैं। मां दुर्गा शत्रुओं का नाश करती हैं, घर में सुख और समृद्धि की वर्षा करती हैं। अनिल कुमार एडवोकेट ने कहा कि आज नवरात्रि के पहले दिन मंदिरों में मां दुर्गा के दर्शन मात्र से ही सुख संपत्ति का वास होता है। डॉ महेंद्र कुमार सक्सेना, डॉ हीरा लाल, प्रेमपाल, सुमेरी लाल, एलपी जोशी, श्री जय गोलू देवता ट्रस्ट के अध्यक्ष कुमार पारस, जगदीश मेहरा ने अतिथियों का स्वागत किया। डॉ महेंद्र कुमार सक्सेना ने आभार व्यक्त किया। उमा विष्ट, विमला मेहरा, सर्वेश कुमार, सुमित प्रजापति, रामचंद्र, मुरली, श्याम बाबू तिवारी, पंडित राजेश शर्मा, विनोद शर्मा मौजूद रहे।

### प्रतियोगिताओं के विजेताओं को मिला सम्मान



**बरेली, अमृत विचार :** खेल निदेशालय की ओर से स्पोर्ट्स स्टेडियम में जनपद स्तरीय जूनियर बालक-बालिका खेल प्रतियोगिताओं के विजेताओं को गुरुवार को सम्मानित किया गया। बास्केटबॉल में बालक और बालिका वर्ग में 6-6 टीमों ने भाग लिया। बालिका वर्ग के फाइनल में स्टेडियम टीम ने राधा माधव पब्लिक स्कूल को 16-9 से हराकर खिताब अपने नाम किया। बालक वर्ग के फाइनल में बिशप कॉनराड स्कूल ने राधा माधव स्कूल को 26-19 से पराजित किया। वालीबॉल बालिका वर्ग में भी 6 टीमों के बीच कड़ा मुकाबला देखने को मिला। फाइनल में स्टेडियम टीम ने आर्मी पब्लिक स्कूल को 26-24 और 25-18 से हराकर जीत दर्ज की। मुख्य अतिथि नगर आयुक्त संजीव कुमार मौर्य, विशिष्ट अतिथि अंतरराष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी गीता अरोरा रहीं। उन्होंने विजेता और उपविजेता खिलाड़ियों को सम्मानित किया। अपर नगर आयुक्त शशि भूषण भी उपस्थित रहे। क्षेत्रीय क्रीड़ा अधिकारी चंचल मिश्रा ने आभार जताया।